# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-07-2021

# फंदा लगाने की सूचना पर पहुंचे पीआरवी के जवान

गोरखपुर (एसएनबी)। कैंट इलाके के सूर्या स्कूल महादेव झारखंडी मंदिर के समीप एक युवक द्वारा फंदा लगाने की सूचना पर पीआरवी 0312 के जवान पहुंचे। दरवाजा खोला गयातो उसमें एक युवक अचेत मिला। उसने फंदा नहीं लगाया था बल्कि चूहा मारने की दवा व काला हिट पीकर आत्महत्या का प्रयास किया था। पीआरवी के जवानों ने युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचवाया। पीआरवी ने लड़के पवन उपायाय को पिता ध्रुव नारायण उपायाय के साथ पीआरवी 0312 से सदर अस्पताल ले जाकर एडमिट कराया। सूचना एक महिला ने दी थी। पीआरवी टीम में कमाण्डर का. धीरज कुमार यादव, सब कमाण्डर मका. नीलम तिवारी, सब-कमाण्डर-मका. मनोरमा यादव एवं पायलट होमगार्ड रामनवल यादव शामिल रहे।

# बीट पुलिस पंचायत भवन में सुनेगी फरियाद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को साफ तौर पर आदेश दिया है कि यदि लोकल स्तर पर ही पीड़ितों की समस्याओं का समाधान किया जाए तो वह जिले स्तर पर शिकायत लेकर नही आएंगे। यही हकीकत भी है, लेकिन थाने स्तर पर जिस मामले में टाल मटोल किया जाता है, वहीं पीड़ित आला पुलिस अफसरों के वहां शिकायत लेकर पहुंचते है या फिर जनता दर्शन में सीएम के सामने फरियाद लेकर पहुंचते है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने बीट पुलिस और हलका दारोगा को निर्देश दिया है कि वह ग्राम प्रधानों से संपर्क कर गांव की समस्या गांव के पंचायत भवन में ही समाधान कराये।

गोरखपुर जोन में कुल 11 जिले आते है। जोन में करीब 22 हजार पुलिसकर्मी तैनात है। दो हजार के करीब दारोगा व निरीक्षक है। हर जिला पुलिस प्रमुखों को निर्देश दिया गया है कि वह बीट पुलिस सिस्टम लागू करें। बीट पुलिस अपने -अपने हल्का में आने वाले गांवों के प्रधानों से संपर्क करें और उनका मोबाइल नम्बर नोट कर उनके गांव के बारे में जानकारी करें। मामूली मारपीट की घटना में बीट सिपाही की रिपोर्ट पर ही धारा 107-116 के तहत कार्रवाई की जाए। अधिकांश जिले में बीट पुलिस सिस्टम तेजी से काम कर रहा है। बीट पुलिस प्रणाली की जमीनी हकीकत जानने के लिए एडीजी कार्यालय से टीम भी पहुंच कर थाने स्तर पर जांच पड़ताल कर रही है। जिस थाने की बीट सिस्टम बेहतर है वहां के थानेदार को प्रशस्ति पत्र दिया जा रहा हैं।

हाल के दिनों में कुछ पुलिसकर्मियों ने एडीजी से साझा किया था कि अब सिपाहियों को इलाके में बैठने के लिए जगह नहीं मिलती है। जिस पर उन्होंने आदेश दिया है कि बीट सिपाही या हल्का दारोगा अपने -अपने क्षेत्र के निर्वाचित नये प्रधानों से संपर्क कर यह सुनिश्चित करें कि गांव में बने सरकारी पंचायत भवनों में एक कमरा पुलिस के लिए निर्धारित किया जाए। गांव के यदि कोई व्यक्ति अपनी शिकायत थाने पर लेकर पहुंचता है, तो उसे या विपक्षी को थाने पर बुलाने की बजाए पंचायत भवन पर बुलाया जाए और वहीं पर गांव के प्रधान और गांव के सभ्रांत लोगों के समाने दोनों पक्षों की पुरी बाते सुनने के बाद समस्या का समाधान किया जाए । इस कार्रवाई से पुलिस और गांव की जनता के बीच बेहतर तालमेल बढ़ेगा। इस दौरान यदि मनबढ़ व्यक्ति पुलिस और लोगों की बात नहीं मानता है तो फिर बीट पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करें।

गांव गांव में मामूली विवाद को दरकिनार करने से बड़ा विवाद हो जाता है। ऐसे में समय रहते छोटे छोटे विवादों को बीट पुलिस समय से टेकअप कर ले तो बड़ा विवाद रोका जा सकता है। बीट पुलिस की तर्ज पर लेखपाल भी यदि गांव में पहुंचता है तो वह भी पंचायत भवन में राजस्व से जुड़े मामले को निस्तारित करता है। इसी आधार पर पुलिस भी लोकल स्तर पर अपने स्तर से विवादों को समाधान करेंगी। हर थाने पर चौकीदारों की संख्या अधिक है। ऐसे में चौकीदारों को भी बीट पुलिस साथ में रखे जिससे वह इलाके के बारे में सच्चाई बता सके। आपरेशन तमंचा के बारे में एडीजी ने बताया कि गांव में मनबढ़ युवक तमंचा लेकर घुमते है समय समय पर वह वारदात को अंजाम देते है। गांव के लोग भी जानते है कि किसके पास तमंचा है, लेकिन वह मुंह खोलने से परहेज करते है। ऐसे में आपरेशन तमंचा के तहत पुलिस और गांव के लोगों के बीच विचार- विमर्श के दौरान यह बात खुलकर सामने आ जाएगी कि किस युवक के पास हथियार है। फिर पुलिस उसकी निगरानी कर सकती हैं।

## एडीजी की पहल: प्रधान सरकारी भवन कराएंगे उपलब्ध



- थाने पर शिकायत लेकर जाने की बजाए गांव में ही समस्याओं के समाधान की तैयारी
- चौकीदार और पुलिस घर -घर जाने की बजाए पंचायत भवन में निस्तारित करेगी समस्या
- तमंचा आपरेशन के तहत मनबढ़ों की निगरानी करेगी पुलिस

# सरकारी सिरस की 10 बोटा लकड़ी बरामद

पिपरौली (एसएनबी)। कालेसर मोक्षधाम के पास एक निर्माणाधीन होटल के मालिक ने दो पेड़ सिरस की लकड़ी कटवाकर एक लकड़ी विक्रेता को भेज दिया था। वृहस्पतिवार को वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर सरकारी सिरस के 10 वोटा लकड़ी वरामद कर लकड़ी विक्रेता के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए लकड़ी को अपने कब्जे में ले लिया।

मोक्षधाम के पास निर्माणाधीन होटल के मालिक ने कटवाकर दुकान पर भेजी थी लकड़ी

वन दरोगा अजय कुमार शुक्ल को सूचना मिली कि कालेसर मोक्षधाम के पास एक होटल का निर्माण चल रहा है। उसके सामने वन संरक्षित भूमि में सरकारी पौधे लगे है। जिसे होटल मालिक द्वारा दो सिरस के पेड़ को कटा दिया गया है। वन दरोगा ने इसकी जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को दी। टीम गठित कर होटल पर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। इसके वाद वन क्षेत्राधिकारी अजय प्रताप सिंह ,वन दरोगा अजय कुमार शुक्ल, मनीष त्रिपाठी, कांस्टेवल जितेंद्र ,मुन्नीलाल,नरेंद्र राय,राजेश यादव ने निर्माणाधीन होटल पर छापेमारी किया। मौके पर होटल मालिक फरार मिला।

जानकारी मिली कि सिरस पेड़ की लकड़ी मोक्षधाम के एक लकड़ी की दुकान पर भेजा गया है। दुकान पर पहुंचकर वन विभाग की टीम मौके पर 10 वोटा सिरस की लकड़ी कब्जे में लेते हुए होटल मालिक व लकड़ी दुकान मालिक के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया।

# तीन महिलाओं समेत 14 अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। जिले की विभिन्न थानों की पुलिस ने विभिन्न मामलों में आरोपित तीन महिलाओं समेत 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। आरोपितों को न्यायलय ने न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया।

वेलघाट थाने पर तैनात उनि रामजी गुप्ता ने हमराही फोर्स के साथ शुभम पुत्र विशेष गौड़ निवासी ग्राम एकौना खुर्द थाना वेलघाट को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से अपहृता को वरामद किये जाने का दावा किया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक वेलीपार नीरज राय ने अभियुक्त विजय कुमार गुप्ता पुत्र अच्छेलाल गुप्ता निवासी खखरी थाना गोला जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। वह धमकी देकर दुराचार किये जाने के मामले में थाने से वांछित था। इसी क्रम में कैंट के प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने मयफोर्स मंजेश सिंह पुत्र हरेन्द्र सिंह निवासी सुरचक थाना गौरी वाजार जनपद देवरिया को रेलवे पार्सल घर के समीप से गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से एक नाजायज गुप्ती वरामद की गयी। इसी क्रम में कैंट पुलिस ने राहुल कन्नौजिया पुत्र मनोज कन्नौजिया निवासी छोटे काजीपुर माली टोला थाना कोतवाली, गोरखपुर को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी की वाइक वरामद की। एक अन्य समाचार के अनुसार कैंट पुलिस ने 17.10 ग्राम नाजायज स्मैक के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सुनीता वासफोर पत्नी पप्पू वासफोर निवासी सर्वोदय इण्टर कालेज के पास कौडीराम थाना वासगांव जनपद गोरखपुर, शीला पत्नी स्व0 पन्ने लाल निवासी कौडीराम थाना वासगांव व अनीता पत्नी राकेश निवासी कुशहरा थाना वखिरा जनपद सन्तकवीरनगर (खलीलावाद) वताया। इन्हें छात्रसंघ चौराहा कचहरी वस स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में रामगढ़ताल थाना प्रभारी जगत नारायण सिंह ने रामसजन पुत्र वासदेव निवासी रानीवाग पथरा थाना रामगढ़ताल, जिला गोरखपुर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने एक चोरी की स्कूटी वरामद की जो इसी थाना क्षेत्र से चुरायी गयी थी। इसी क्रम में दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को पिपराइच पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम राम गोपाल मिश्र पुत्र स्व. सूर्य नारायण मिश्र व अमरिश मिश्रा पुत्र रामगोपाल मिश्र निवासीगण पतरा थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर वताया। इसी क्रम में पिपराइच पुलिस ने अपहरण के आरोप में कृष्णकान्त पुत्र हीरालाल यादव निवासी कनइला थाना पनियरा जनपद महाराजगंज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से अपहृता को भी मुक्त कराया। अपहरण के मामले मे फरार चल रहे एक अन्य अभियुक्त सिटियन यादव उर्फ अभिनन्दन पुत्र विनोद यादव निवासी अगया थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर अपहृता की वरामदगी की। एक अन्य समाचार के अनुसार थाना कोतवाली चोरी के आरोप में अभियुक्त मनोज शर्मा पुत्र सुरेन्द्र शर्मा निवासी पुर्दिलपुर गोलघर माखन भोग गली थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक मोवाइल वरामद की।

विभिन्न थानों की पुलिस ने भिन्न-भिन्न मामलों में की गिरफ्तारी

# वारदात के बाद गोरखपुर से 35 अपराधी भाग गए विदेश

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गोरखपुर जिले में लूट, हत्या, डकैती और छिनैती करने वाले शातिर बदमाशों की तलाश तेज कर दी गयी है। एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने आपरेशन 15 हंट के तहत विशेष अभियान चलाकर फरार बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम लगायी है। गोरखपुर में विगत 15 साल में अपराध करने वाले 12144 बदमाशों के सत्यापन के बाद इन्हे चिह्नित किया गया है। इनमें से 35 बदमाश ऐसे है जो वारदात को अंजाम देने के बाद विदेश भाग गए है।

**लूट, हत्या,डकैती और चेन स्नेचिंग सहित संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले 12144 बदमाश चिह्नित**

**17 52 अपराधी गैर जिले के जबकि 376 अन्य राज्य में छुपे**

आपराधिक वारदातों पर नकेल कसने के लिए एसएसपी ने जमीनी स्तर पर काम शुरू किया है। अपराध जगत से जुड़े बदमाशों की नये सिरे से लिस्ट तैयार करायी है। लूट, डकैती, हत्या, भाड़े पर हत्या, फिरौती अपहरण, चोरी, वाहन चोरी, नकबजनी, चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं में शामिल 12144 अपराधी गोरखपुर में चिह्नित किये गये हैं। जिसमें सत्यापन के दौरान जिले में निवास करने वाले अपराधियों की वास्तविक संख्या 6952 पायी गयी और 1752 अपराधी अन्य जनपदों के रहने वाले हैं। जबकि 376 अपराधी अपराध करने के बाद अन्य राज्यों में छिपे है। इसी प्रकार 35 अपराधी पड़ोसी देश नेपाल व अन्य विदेश भाग गए है। जिला पुलिस रिकार्ड के मुताबिक 6952 अपराधियों में से 5835 अपराधियों का डोजियर/डाटाबेस तैयार किया गया है।

## 1117 बदमाशों को पुलिस ढूढेंगी: एसएसपी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने बताया कि पुलिस रिकार्ड में 1117 बदमाश लापता है। लापता बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम लगी है। इन बदमाशों की तस्दीक करने और उनकी गिरफ्तारी के लिए गोरखपुर जिले में आपरेशन 15 हंट के तहत अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत सभी थानेदारों को इनकी तलाश करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पूर्व के सत्यापन के बाद बचे लापता अपराधियों के बारे में जानकारी जुटायी जा रही है। इन बदमाशों का अपटूडेट डाटा फोटो सहित डोजियर तैयार करने का निर्देश दिया गया है।



# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

गोरखपुर (एसएनबी)। शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरी वाजार चौकी अंतर्गत मोहनापुर रोड पर वृहस्पतिवार की रात 12:00 वजे पुलिस मुठभेड़ में सूरज साहनी पुत्र जुगल किशोर निवासी जंगल सुभान अली थाना पिपराइच गोरखपुर गोली लगने से घायल हो गया। सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह ने वताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के नंदानगर इलाके में देर शाम सुमन देवी निवासी झरना टोला किसी काम से गयी थीं तभी वाइक सवार दो वदमाशों ने उनका सोने की चेन छीन कर फरार हो गये। सूचना मिलने पर क्राइम व्रांच और शाहपुर पुलिस ने दोनों वदमाशों की तलाश में जुट गयी। इस दौरान मुखबीर के जरिए सूचना मिली थी कि दोनों वदमाश पादरी वाजार इलाके में हैं।



पुलिस ने मोहनापुर रोड पर वदमाशों की घेरावंदी कर दी। इस दौरान मुठभेड़ में सूरज साहनी को पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया जवकि दूसरा वदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसपी सिटी और सीओ गोरखनाथ मौके पर पहुंचकर घायल वदमाश को तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। वह खतरे से वाहर है। सीओ गोरखनाथ ने वताया कि मुठभेड़ में घायल वदमाश सूरज साहनी शातिर चेन स्नेचर है। उसके खिलाफ पूर्व में तीन मुकदमा कायम है। उसके फरार साथी की भी तलाश की जा रही है

**कोशिश** ऑपरेशन में खुलेगी दरोगाओं की पोल, पीड़ित को भी जल्द से जल्द मिल सकेगा इंसाफ

# अब पीड़ितों को मिलेगा 'न्याय'

**विवेचना में लापरवाही की शिकायत पर आमने-सामने होगी बात**

**GOOD NEWS**

arunkumar@inext.co.in

**GORAKHPUR (15 July):** जिले के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों की विवेचना में लापरवाही नहीं चलेगी. विवेचक कोई मनमानी नहीं कर सकेंगे. विवेचना में विलंब की वजह पीड़ित (वादी) के सामने ही बतानी होगी. इससे जहां जांच की प्रक्रिया में तेजी आएगी. वहीं पीड़ित का भरोसा पुलिस के प्रति भी बना रहेगा. एसएसपी ने कहा



कि मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए यह कदम उठाया गया है. इसलिए जिले में आपरेशन न्याय की शुरूआत की गई है. हाल के दिनों में यह प्रारंभ हुआ है. जल्द ही इसका रिजल्ट भी नजर आने लगेगा.

**"पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आपरेशन न्याय अभियान शुरू कराया गया है. इसके तहत विवेचक और पीड़ित सामने आकर अपनी-अपनी बात रख सकेंगे. विवेचना में आ रही समस्या को दूर किया जा सकेगा. जल्द ही इसे विधिवत शुरू करा दिया जाएगा.**

**दिनेश कुमार पी,**
एसएसपी

### लंबित रहती विवेचना

थानों पर किसी तरह से पुलिस ने केस दर्ज कर लिया तो विवेचना के निस्तारण में काफी परेशान होना पड़ता है. अक्सर पीड़ित विवेचक से लेकर पुलिस अधिकारियों के दफ्तर पर भटकते नजर आते हैं. विवेचना के लिए उनको एडीजी, डीआईजी और एसएसपी तक का चक्कर लगाना पड़ता है. इस समस्या से जहां पीड़ित का पुलिस और व्यवस्था के प्रति भरोसा उठता है. वहीं दूसरी ओर आरोपियों को भी इसका फायदा मिलता है. जिले में करीब 32 सौ मामले पेंडिंग है. अभियान शुरू होने पर करीब 90 मामलों का निस्तारण कराया जा चुका है.

### पब्लिक को मिलेगा यह फायदा



- सीनियर अफसरों की उपलब्धता के आधार पर रोजाना पांच मामले निस्तारित होंगे.
- विवेचक किसी मुकदमे की जांच पड़ताल में विलंब नही कर सकेंगे.
- पीड़ित को टरकाने और थाने से भगाने की प्रक्रिया पर रोक लग सकेगी.
- विवेचना के सभी पहलुओं पर आमने-सामने चर्चा हो सकेगी.
- विवेचना क्यों पेंडिंग पड़ी है. इस पर भी सवाल जवाब हो सकेगा.
- विवेचना में वैज्ञानिक साक्ष्य सहित अन्य प्रमाणों की जरूरत पर भी चर्चा होगी.
- किसी तरह की लालच, दूसरे पक्ष के प्रभाव में आने की शिकायत भी दूर होगी.
- समय से विवेचना पूरी होने पर चार्जशीट कोर्ट में भेजी जा सकेगी. पीड़ित को न्याय मिल सकेगा.
- विवेचक ने कोई अच्छा काम किया है तो उसके बारे में सीनियर आफिसर्स को जानकारी मिलेगी.
- विवेचना में लापरवाही, हीला-हवाली की शिकायत लेकर लोगों को एसएसपी के पास नहीं होगा.
- थानों के इंस्पेक्शन के दौरान सीनियर अफसर लोगों से बात करके विवेचना की पूरी जानकारी ले सकेंगे.

Hindustan6.webp Hindustan5.webp Hindustan4.webp

# खुदकुशी की कोशिश करने वाले को पहुंचाया अस्पताल

**गोरखपुर | निज संवाददाता**

जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश करने की सूचना पर पीआरवी कूड़ाघाट पहुंची। दरवाजा तोड़कर युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। इससे उसकी जान बच गई।

कूड़ाघाट की रहने वाली सुमन उपाध्याय ने डॉयल 112 पर फोन कर बताया कि एक युवक कमरा बंद कर फांसी लगाकर कर जान देने जा रहा है। सूचना पर पीआरवी 0312 के कमाण्डर धीरज कुमार यादव, सबकमाण्डर नीलम तिवारी, मनोरमा यादव एवं पायलट रामनवल यादव मौके पर पहुंचे। वह कमरे का दरवाजा खोल कर अंदर पहुंचे तो देखे की युवक ने फांसी नहीं लगाई थी। उसने घर में रखे जहरीले पदार्थ को खा लिया था। जिससे उसकी हालत गंभीर हो रही थी। पीआरवी ने युवक और उसके पिता को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक समय से अस्पताल पहुंचने से उसकी जान बच सकी।

# स्मैक संग तीन महिला तस्कर गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कैंट पुलिस ने गुरुवार की सुबह छात्रसंघ चौराहा से कचहरी बस स्टैण्ड रोड से तीन महिला तस्करों को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके पास से अवैध 17.10 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस की पूछताछ में उनकी पहचान बांसगांव क्षेत्र के कौड़ीराम सर्वोदय किसान इंटर कॉलेज के पास रहने वाली सुनीता बांसफोर, कौड़ीराम निवासी शीला और संतकबीनगर जिले के बखिरा क्षेत्र के कुशहरा निवासी अनिता के रूप में हुई। उधर, कैंट पुलिस ने गुरुवार की सुबह कैंट पुलिस ने रेलवे स्टेशन पार्सल घर के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक गुप्ती और पंच बरामद किया। उसकी पहचान देवरिया निवासी मंजेश सिंह के रूप में हुई।

# चोरी की बाइक व स्कूटी के साथ दो गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कैंट और रामगढ़ताल पुलिस ने गुरुवार की सुबह वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक और स्कूटी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार कैंट पुलिस ने विन्ध्वासिनी पार्क के पास से चोरी की बाइक के साथ एक युवक को पकड़ा। उसकी पहचान कोतवाली क्षेत्र के छोटे काजीपुर निवासी राहुल कन्नौजिया के रूप में हुई। उधर, रामगढ़ताल पुलिस ने पथरा, रानीबाग निवासी रामसजन को गिरफ्तार किया।

# आपरेशन हंट में निशाने पर 1117 बदमाश

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 1117 बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने आपरेशन हंट शुरू किया है। एक माह से चल रहे सत्यापन के दौरान यह लोग बुलाने के बाद भी थाने और चौकी पर नहीं पहुंचे। पुलिस ने छानबीन की तो इन बदमाशों की गतिविधि संदिग्ध मिली। एसएसपी ने इन बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए आपरेशन हंट शुरू किया है। शहर में सबसे अधिक 145 बदमाश गोरखनाथ क्षेत्र के रहने वाले हैं, जिनकी तलाश चल रही है।

### थानेवार बदमाशों की संख्या

कोतवाली : 43, राजघाट : 58, तिवारीपुर : 74, कैंट : 59, खोराबार : 47, रामगढ़ ताल : 64, गोरखनाथ :145, शाहपुर : 67, कैंपियरगंज : 10, पीपीगंज : 11, सहजनवां : 27, चिलुआताल :18, गीडा :38, चौरीचौरा : 11, झंगहा : 39, पिपराइच : 49, गुलरिहा : 48, बांसगांव : 19, गगहा : 74, बेलीपार : 10, गोला : 57, बड़हलगंज :46, उरुवा :7, बेलघाट :13, खजनी :35, सिकरीगंज : 26, हरपुर बुदहट : 2

**खोजे नहीं मिल रहे जिले के 11 सौ बदमाश:** जिले में 15 साल के भीतर अपराध करने वाले 6952 बदमाशों की वर्तमान स्थिति जानने के लिए डोजियर भरा जा रहा था। एसएसपी दिनेश कुमार पी ने प्रोफार्मा तैयार कराया था, जिसमें बदमाश वर्तमान में क्या कर रहे हैं और उनकी जीविका का क्या साधन है। इसके बारे में जानकारी जुटाने के साथ ही आधार कार्ड, बैंक खाते की डिटेल निकाली गई। एक माह तक जिलेभर में चले अभियान में बदमाशों का नया डोजियर तैयार किया गया, लेकिन 1117 बदमाश पुलिस के बुलाने पर चौकी व थाने नहीं आए। बीट सिपाही उनके घर पहुंचे तो भी नहीं मिले। घरवालों ने भी जानकारी होने से इन्कार कर दिया। छानबीन पर पता चला कि सामने न आने वाले बदमाशों की भूमिका संदिग्ध है। इन पर शिकंजा कसने के लिए आपरेशन हंट शुरू किया गया है।

**वाहन चोरी करने वाले 20 बदमाश विदेश में:** गोरखपुर पुलिस ने हत्या, लूट, डकैती, फिरौती के लिए अपहरण, चोरी, वाहन चोरी करने वाले 15 वर्ष के बदमाशों की सूची तैयार कराई है। इसमें 35 बदमाश नेपाल में छिपे हुए हैं। सर्वाधिक 20 बदमाश वाहन चोरी करने वाले हैं।



आपरेशन 15 में 1117 बदमाश घर पर नहीं मिले। स्वजन भी जानकारी होने से इन्कार रहे हैं, जिसकी वजह से इनका डोजियर (फाइल) तैयार नहीं हो पाया है। उन्हें पकड़ने के लिए आपरेशन हंट शुरू किया जा रहा है। उनके खिलाफ अब निरोधात्मक कार्रवाई होगी।

– दिनेश कुमार पी, एसएसपी

**नेपाल में छिपे बदमाश:** लूट में- 5, हत्या में- 1, फरौती हेतु अपहरण में- 1, चोरी में- 6 , वाहन चोरी में- 20, नकबजनी में-2

## नेपाल से भटके युवक को पुलिस ने स्वजन से मिलाया

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** नेपाल से भटककर आए अर्धविक्षिप्त युवक विष्णु प्रसाद मिश्र को गुरुवार को शाहपुर थाना पुलिस ने उनके स्वजन से मिलाया। विष्णु मूल रूप से नेपाल के चितवन जिले के भरतपुर महानगर पालिका वार्ड नंबर छह के निवासी हैं। उनके स्वजन अमेरिका में रहते हैं। विष्णु के स्वजन शाहपुर पुलिस की सराहना कर रहे हैं।

चितवन में विष्णु की मानसिक रोग की दवा चलती है। सप्ताहभर पूर्व विष्णु अपनी मां के साथ अमेरिका से आया था। पांच दिन पूर्व वह बाइक लेकर निकल गए। उसके बाद से घर नहीं लौटे। परेशान स्वजन ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से विष्णु के गायब होने की सूचना दी। रिश्तेदारों को खबर हुई तो वह भी सक्रिय हुए। फोटो के आधार पर किसी ने स्वजन को इंटरनेट मीडिया पर सूचना दी कि विष्णु गोरखपुर में दिखे हैं। स्वजन ने जानकारी एसएसपी गोरखपुर दिनेश कुमार पी को दी। एसएसपी ने सभी थानों में विष्णु की फोटो भेजकर तलाश करने को कहा। बुधवार रात खजांची चौराहे पर विष्णु को प्रभारी निरीक्षक शाहपुर आनंद प्रकाश ने देखा। विष्णु की फोटो उनके घर वालों को भेजकर इसकी पुष्टि भी करा ली। गुरुवार सुबह शाहपुर थाने पर आकर विष्णु के स्वजन उन्हें अपने साथ लेते गए।

## स्मैक के साथ तीन महिला तस्कर गिरफ्तार

**जासं., गोरखपुर :** कैंट पुलिस ने गुरुवार सुबह कचहरी बस स्टैंड के पास तीन महिला तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 17 ग्राम स्मैक मिला। उन्हें जेल भेजा गया।

पूछताछ में उनकी पहचान बांसगांव क्षेत्र के कौड़ीराम सर्वोदय किसान इंटर कालेज के पास रहने वाली सुनीता बासफोर, कौड़ीराम निवासी शीला और संतकबीनगर के बखिरा क्षेत्र के कुशहरा निवासी अनीता के रूप में हुई। कैंट पुलिस ने रेलवे स्टेशन पार्सल घर के पास से संदिग्ध को गिरफ्तार किया। उसके पास से गुप्ती और पंच बरामद किया। पूछताछ में उसकी पहचान देवरिया जिले के गौरी बाजार क्षेत्र के सुरचक निवासी मंजेश सिंह के रूप में हुई।

# चेन लूटकर भागे बदमाश को मुठभेड़ में लगी गोली

### पादरी बाजार क्षेत्र में गुरुवार की रात में हुई मुठभेड़

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** शाहपुर थाना क्षेत्र के मोहनापुर में गुरुवार की रात पुलिस से हुई मुठभेड़ शातिर चेन स्नेचर सूरज साहनी के पैर में गोली लग गई। उसका साथी चकमा देकर फरार हो गया। शाम को बदमाशों ने झरना टोला के पास महिला की चेन लूटी थी, जो उसके पास से बरामद हुई। मेडिकल कालेज में भर्ती सूरज से पूछताछ के बाद पुलिस फरार हुए उसके साथी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

झरना टोला में गुरुवार की शाम महिला से लूट होने के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी। रात में 11 बजे प्रभारी निरीक्षक शाहपुर आनंद प्रकाश कौआबाग में चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पहुंचे बाइक सवार बदमाश रोकने पर पादरी बाजार की तरफ भाग निकले।



घायल बदमाश सूरज साहनी • जागरण

सूचना पर पादरी बाजार चौकी प्रभारी दीपक सिंह ने सिपाहियों के साथ घेर लिया। पुलिस पर फायरिंग करते हुए बदमाश मोहनापुर के रास्ते नंदानगर की तरफ भागने लगे। रास्ते में लल्ला चौराहे के उनकी बाइक फिसल गई। पुलिस के करीब पहुंचने पर सूरज ने दोबारा तमंचा से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पिपराइच क्षेत्र के जंगल सुभान अली, बेलवा गांव के रहने वाले सूरज साहनी के दाहिने पैर में गोली लग गई। बाइक चला रहा उसका साथी अंधेरे का लाभ उठा भाग निकला। घायल बदमाश को शाहपुर पुलिस ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। एसएसपी दिनेश कुमार पी ने बताया कि बदमाश के दूसरे साथी की तलाश चल रही है। मुठभेड़ में घायल सूरज के पास से इसके पास से महिला की लूटी गई चेन, 315 बोर का एक तमंचा व घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है।

**शाम छह बजे हुई थी वारदात :** शाहपुर के झरना टोला कोडइया निवासी सुमन जायसवाल गुरुवार शाम छह बजे बाजार जा रही थीं। रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशो ने झपट्टा मारकर उनकी सोने की चेन खींच लिया और फरार हो गए। सुमन के भाई सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मचारी है वह गायत्री नगर में मकान बनवाकर परिवार समेत रहते है। बुधवार को वह दिल्ली से गायत्रीनगर निवासी अपने भाई के घर आयी थीं।

## राइस मिलर समेत छह पर केस

**जासं., सहजनवां :** छह करोड़ रुपये का सरकारी चावल हड़पने के आरोप में सहजनवां थाना पुलिस ने गुरुवार को राइस मिलर ध्रुव नारायण सिंह सहित छह व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। पीसीएफ के जिला प्रबंधक शुभनाथ गौंड ने लखनापार निवासी जेडास इंडस्ट्रीज के मालिक ध्रुव नारायण सिंह पर सरकारी चावल नहीं लौटाने का आरोप लगाया है।

# शाम को चेन छिनी, रात में पुलिस ने कहा, लीजिए मैडम! यही है न

## काबिले तारीफ सक्रियता दिखाकर पुलिस ने स्नेचर को कुछ ही घंटों में पकड़ लिया

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** चेन स्नेचिंग करके भागे बदमाश को पकड़ने में पुलिस की सक्रियता काबिले तारीफ है। बृहस्पतिवार की शाम को लगभग छह बजे झरना टोला के पास पैदल बाजार जा रहीं सुमन जायसवाल के गले से चेन खींचकर बदमाश भागे थे। दिल्ली की रहने वाली सुमन यहां भाई के यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं।

चेन खींच लिए जाने से हक्का-बक्का रह गईं सुमन ने परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई। जानकारी मिलने पर तत्काल पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले और साथ ही चेकिंग शुरू कर दी। कई घंटे चेकिंग के बाद रात में कौवाबाग के पास पुलिस को एक बाइक सवार पर संदेह हुआ। यहां शाहपुर इंस्पेक्टर आनंद अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। पुलिस को देखते ही बदमाश भागने लगे। आगे मोहनापुर लल्ला चौराहे से मुड़कर बदमाशों ने भागने की कोशिश की, तभी उनकी बाइक फिसल गई। पुलिस को करीब आता देख बदमाश सूरज ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

खुद को बचाते हुए पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें सूरज साहनी के पैर में गोली लग गई जबकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए उसका साथी भाग निकलने में सफल रहा। इंस्पेक्टर आनंद ने बताया कि सूरज पिपराइच के बेलवा का रहने वाला है। फरार बदमाश के बारे में भी जानकारी हुई है, उसकी तलाश में टीम को लगाया गया है। सूरज के पास से सुमन की लूटी गई चेन बरामद हो गई।

**पिछले 15 दिनों में हो चुकी हैं तीन वारदात :** शाहपुर इलाके में पिछले 15 दिनों में इस तरह की तीन वारदातें सामने आ चुकी हैं।

मुख्य खबर (चेन छीनकर भागे बदमाश...) पेज एक पर

## मारपीट कर मोबाइल फोन और रुपये छीनने का आरोप

**गुलरिहा।** इलाके के बनगाई जंगल के रास्ते में बुधवार की दोपहर युवक को मारपीट कर नौ हजार रुपये और मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को चार युवकों को हिरासत में लिया है। गुलरिहा थाना के जंगल डुमरी नंबर एक पटवारी टोला निवासी शिवशंकर अपने दोस्त शैलेंद्र शर्मा के साथ बाइक से शहर गए थे। लौटते समय बनगाई जंगल के पास एक बाइक से चार युवक पहुंचे और बाइक के पास खड़े शिवशंकर को मारने-पीटने के बाद मोबाइल और नौ हजार रुपये छीन लिए। ब्यूरो

## चोरी की स्कूटी, बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

गोरखपुर : रामगढ़ताल पुलिस ने चोरी की स्कूटी के साथ और कैंट पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक कैंट ने बताया कि सूचना मिली कि विंध्यवासिनी पार्क के पास एक युवक चोरी की गाड़ी बेचने के बारे में बात कर रहा है। सूचना पर छोटे काजीपुर के रहने वाले राहुल कन्नौजिया को दबोच लिया गया। उधर, प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल जेएन सिंह ने नहर रोड पर चोरी की स्कूटी के साथ रानीबाग, पथरा के रहने वाले रामसजन को गिरफ्तार किया।

# चेन छीनकर भागे बदमाश को मुठभेड़ में गोली लगी

## बृहस्पतिवार की शाम चेन स्नेचिंग के बाद से बदमाशों की तलाश में थी पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के लल्ला चौराहे के पास बृहस्पतिवार की रात पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश सूरज साहनी के दाहिने पैर में गोली लग गई जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। सूरज अपने साथी के साथ शाम को झरना टोला गायत्री नगर कालोनी के पास एक महिला के गले से चेन खींच कर भागा था। चेन स्नेचिंग की सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने चौतरफा चेकिंग शुरू कर कुछ ही घंटों में न



घायल बदमाश सूरज साहनी

केवल चेन बरामद की बल्कि बदमाश को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। पूछताछ के आधार पर उसके साथी की पहचान कर तलाश में पुलिस टीम लगा दी गई है। बदमाश के पास से सोने की चेन, बाइक, तमंचा, खोखा और कारतूस बरामद हुआ है।

झरना टोला में लूट की वारदात होने के बाद से ही पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी थी। रात में बदमाशों के आने की सूचना पर शाहपुर इंस्पेक्टर आनंद पुलिस टीम के साथ कौवाबाग के पास चेकिंग कर रहे थे। पुलिस को देखते ही बदमाश भगाने लगे। उधर आगे पादरीबाजार चौकी इंचार्ज दीपक सिंह चेकिंग कर रहे थे। बदमाश उनसे बचने के लिए एक बार फिर चौकी के पास से आगे भागे तो संदेह होने पर पुलिस पीछे पड़ गई। आगे मोहनापुर लल्ला चौराहे से मुड़कर बदमाशों ने भागने की कोशिश की, तभी उनकी बाइक फिसल गई। पुलिस को करीब आता देख बदमाश सूरज ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें सूरज के पैर में गोली लग गई जबकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए उसका साथी भाग निकलने में सफल रहा। >> शाम को चेन छिनी, रात में पुलिस ने कहा.....पेज-3

## स्मैक के साथ तीन महिलाएं पकड़ी गईं

**गोरखपुर।** कैंट पुलिस ने स्मैक के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से कुल 17.10 ग्राम स्मैक बरामद किया है। आरोपितों की पहचान कौड़ीराम निवासी सुनीता, शीला और संतकबीरनगर की बखिरा निवासी अनीता के रूप में हुई है। तीनों को पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह रैन बसेरा स्टेशन रोड के पास से पकड़ा है। इंस्पेक्टर सुधीर सिंह ने बताया कि आरोपितों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। ब्यूरो


## गुप्ती के साथ एक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कैंट पुलिस ने पार्सल घर के पास से बृहस्पतिवार की सुबह एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से एक गुप्ती और पंचसील मिला। पुलिस ने आरोपित देवरिया के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के सुरचक निवासी मंजेश सिंह पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपित को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। ब्यूरो

# चोरी की स्कूटी बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल पुलिस ने चोरी की स्कूटी और कैंट पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक-एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपितों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपितों की पहचान पथरा, रानीबाग निवासी रामसजन और छोटेकाजीपुर निवासी राहुल कन्नौजिया के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, कैंट पुलिस को बृहस्पतिवार की सुबह मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि विंध्यवासिनी पार्क के पास एक युवक चोरी की गाड़ी बेचने के बारे में बातचीत कर रहा है। सूचना पर कैंट इंस्पेक्टर सुधीर सिंह टीम के साथ पहुंच गए और आरोपित को पकड़ लिया। संदिग्ध ने पूछताछ में बाइक के चोरी की होना कबूल कर लिया। आरोपित युवक राहुल को पुलिस ने जेल भेजा।



आरोपित युवक।

**रामगढ़ताल और कैंट पुलिस को मिली कामयाबी आरोपितों को भेजा गया जेल**

उधर, रामगढ़ताल इंस्पेक्टर जगत नारायण सिंह को मुखबिर के जरिये चोरी की स्कूटी लेकर एक युवक के नहर रोड पर आने की सूचना मिली थी। उनके निर्देश पर दरोगा विशाल उपाध्याय अपनी टीम के साथ नहर रोड पर वाहनों की चेकिंग करने लगे। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ कर पूछताछ की तो उसने चोरी की बात कबूल की। ब्यूरो

## दुष्कर्म का आरोपित पकड़ा गया

**गोरखपुर।** बेलीपार पुलिस ने दुष्कर्म और धमकी देने के आरोपित को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान गोला के खखरी निवासी विजय कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। आरोपित पर केस दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। इसी बीच बृहस्पतिवार की सुबह इंस्पेक्टर नीरज राय को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि आरोपित बेलीपार के पास आया है। ब्यूरो

# पुलिस की मदद से घर लौटा नेपाली नागरिक

अमर उजाला ब्यूरो

**मानसिक स्थिति ठीक ना होने की वजह से शहर में भटक रहा था युवक**

**सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखने के बाद छानबीन कर घरवालों से संपर्क साधा**

**गोरखपुर।** सड़कों पर भटक रहे नेपाली युवक को उसके घर लौटने में शाहपुर पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवक मानसिक दिव्यांग था और भटक कर नेपाल से जिले में आ गया था। पुलिस द्वारा सूचना देने के बाद बुधवार की रात को उसके परिजन गोरखपुर आए थे और उसे साथ लेकर गए।

जानकारी के मुताबिक, नेपाल के चितवन, भरतपुर महानगर पालिका वार्ड नंबर छह निवासी श्रीनारायण प्रसाद मिश्र अमेरिका में रहते हैं। उनके 35 साल के पुत्र विष्णु प्रसाद मिश्र की मानसिक हालत ठीक नहीं है। करीब एक हफ्ते पूर्व वह भटकते हुए किसी तरह से भारत में आ गए। परिजनों ने इस संबंध में सूचना सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित कर दी।

कूड़ाघाट में रहनेवाले नेपाली नागरिकों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने भी सोशल मीडिया के जरिए पुलिस से मदद मांगी। बुधवार को शाहपुर एसएचओ आनंद प्रकाश अपनी टीम के साथ गश्त पर निकले थे। खजांची चौराहे के पास उन्होंने युवक को देखकर गाड़ी रोक दी। सोशल मीडिया से फोटो पर मिलान करने पर उसकी पहचान विष्णु के रूप में हो गई जिसके बाद परिजनों को जानकारी दी गई।

## पुलिस ने युवक की जान बचाई

**गोरखपुर।** कैंट इलाके के कूड़ाघाट मोहल्ले में जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास करने वाले युवक की जान बृहस्पतिवार को पीआरवी में तैनात पुलिसकर्मियों ने बचा ली। जानकारी के मुताबिक, कूड़ाघाट की आवास विकास कॉलोनी निवासी ध्रुव नारायण उपाध्याय ने पुलिस को सूचना दी कि उनके पुत्र ने खुद को कमरे में बंद कर लिया है और फंदा लगाने जा रहा है। सूचना पाकर पीआरवी 0312 पर तैनात कमांडर धीरज कुमार यादव, सब कमांडर नीलम तिवारी, मनोराम यादव और पायलट रामनवल यादव मौके पर पहुंचे। कमरे में जाने पर मालूम हुआ कि युवक ने जहरीला पदार्थ खाया है। पीआरवी टीम युवक को लेकर अस्पताल पहुंची। उपचार के बाद युवक की हालत में सुधार हो रहा है। **ब्यूरो**

नेपाल से भटककर गोरखपुर पहुंचे मानसिक रोगी युवक के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसे खोज निकाला। सूचना पाकर युवक के परिजन गोरखपुर आए और उसे साथ ले गए। -**दिनेश कुमार प्रभु**, एसएसपी



# छह करोड़ के धान गबन में मिल संचालक समेत छह पर मुकदमा

## जेडास राइस मिल के संचालक ध्रुव नारायण, भाई व परिवार की दो महिला सदस्य के विरुद्ध मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सहजनवां।** प्रादेशिक कोऑपरेटिव फेडरेशन (पीसीएफ) के जिला प्रबंधक शोभनाथ गौड़ ने जेडास राइस मिल के संचालक ध्रुव नारायण, उनके भाई अजीत कुमार, परिवार की दो महिला सदस्यों सहित छह लोगों के खिलाफ सहजनवां थाने में केस दर्ज कराया है। इन पर करीब छह करोड़ रुपये का धान हड़पने, साजिश रचने सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं।

पीसीएफ जिला प्रबंधक शोभनाथ गौड़ के अनुसार पाली ब्लॉक के लखनापाल गांव निवासी ध्रुव नारायण सिंह की जेडास राइस मिल को करीब छह करोड़ रुपये कीमत का धान कूट कर चावल निकालने के लिए आवंटित किया गया था। निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद, जब चावल और भूसी लेने के लिए मिलर से संपर्क किया गया तो फैक्ट्री बंद पाई गई, फैक्ट्री के गोदाम भी खाली थे। संचालक ध्रुव नारायण लखनापाल स्थित आवास पर नहीं मिले और न ही परिवार के अन्य सदस्य ही मिले।

### धोखाधड़ी, गबन, साजिश रचने सहित कई आपराधिक धाराओं में केस दर्ज

गांव वालों से जानकारी मिली कि संचालक ध्रुव नारायण फरार हैं। अधिकारियों के निर्देश पर जिला प्रबंधक ने धोखाधड़ी और गबन का केस दर्ज कराया। एसएचओ सहजनवां राज प्रताप सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद मामले की परतें खुलेंगी।

### अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध

**छह करोड़** रुपये कीमत के धान की धोखाधड़ी मामले में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिह्न लग रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि मिलर को धान देने के बाद अधिकारियों को उसके संपर्क में रहना चाहिए था। छह करोड़ रुपये कीमत का धान इतना कम नहीं होता कि कोई रातों-रात पार कर दे। राइस मिल से इतनी बड़ी मात्रा में धान इधर से उधर कर दिया गया और अधिकारियों को भनक न लगना संदिग्ध प्रतीत होता है। धान कुटाई के जानकार कहते हैं कि मिलर जैसे-जैसे धान कूटता जाता है, चावल और भूसी पीसीएफ या पीसीयू को देता जाता है। सारा चावल इकट्ठा ही कूट कर नहीं दिया जाता। यदि अधिकारी धान आवंटन के बाद से ही मिलर के काम की निगरानी करते तो शायद यह घपला न होता।

### पहले भी हुई है धोखाधड़ी

**पीसीएफ** सूत्रों के मुताबिक दो साल पहले भी इसी तरह की धोखाधड़ी हुई थी। तब पूर्वी सहजनवां तहसील क्षेत्र के गीडा सेक्टर 13 स्थित स्वास्तिक मिलर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया गया था। जांच में स्वास्तिक मिलर दोषी पाया गया था और उसके खिलाफ आरसी जारी की गई थी। आरसी तो जारी हुई, लेकिन विभाग आज तक वसूली नहीं कर सका। जानकारों को आशंका है कि कहीं जेडास राइस मिल का मामला भी स्वास्तिक मिल की तरह ही कागजों में दम न तोड़ दे।

## महिला को पीटने का वीडियो वायरल

### गुलरिहा इलाके के जंगल डुमरी गांव की घटना, केस

**गुलरिहा (गोरखपुर)।** जंगल डुमरी नंबर दो के पक्का टोला में बृहस्पतिवार की सुबह एक महिला की बेरहमी से पिटाई की गई। इस वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि महिला पर ईंट से प्रहार किए गए हैं। इसके वायरल होने के बाद पुलिस ने इस मामले में मामूली मारपीट का केस दर्ज कर एक आरोपित का शांतिभंग में चालान किया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, पक्का टोला निवासी अनिता देवी बृहस्पतिवार को अपने बच्चों को डांट रहीं थीं। पास में ही रहने वाले हरिसिंह, इंदल को लगा कि वह उन्हें अपशब्द कह रहीं हैं। आरोप है कि इसी बात पर दोनों महिला को घर से खींचकर बाहर लाए और बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। वीडियो वायरल होने के बाद महिला ने पुलिस को तहरीर दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर गुलरिहा विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। ब्यूरो

## पिपराइच में स्टूडियो का ताला तोड़कर चोरी

### कुछ दूरी पर ही लगती है पुलिस पिकेट, आक्रोश

**पिपराइच।** अनुराधा तिराहे के पास स्थित शिवानी फोटो स्टूडियो से बुधवार की रात चोर एक लाख रुपये से अधिक का सामान उठा ले गए। बृहस्पतिवार की सुबह जानकारी होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के पास ही पुलिस पिकेट भी रहती है फिर भी वारदात हो गई। इसे लेकर स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से मामले की जांच कर रही है। उमेश कुमार गुप्ता का अनुराधा तिराहे पर शिवानी फोटो स्टूडियो है। बुधवार रात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर से वीडियो कैमरा, फोटो कैमरा, फ्लैश व कई फ्लैश कार्ड चोरी कर लिए। उमेश दुकान खोलने पहुंचे तो ताला टूटा था। ताले के साथ ताला तोड़ने वाला बनावटी हथियार भी मौके पर पड़ा मिला। चोरी गए सामान की करीब एक लाख रुपये बताई है। बृजेश कुमार आर्य व दर्जनों सपा कार्यकर्ता थाने पर पहुंच गए और चोरी की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया। कहा, [illegible] का जल्द खुलासा नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। ब्यूरो

# DEORIYA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-07-2021

# हत्यारोपी युवक गया जेल

राष्ट्रीय सहारा 16/7/21

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिवई में बुधवार की प्रातः चाकू से गोदकर की गयी युवक के हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक राहुल के पिता के तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में रुद्रपुर कोतवाली पुलिस की गठित टीम ने प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्र, उमेश चौहान, अभय सिंह, दयानन्द उपाध्याय, अमित कुमार, शुभम मिश्रा, महिला का. स्मिता सिंह ने आरोपी युवक वकील प्रसाद पुत्र बंशराज निवासी तिवई को हत्या में प्रयुक्त चाकू के साथ ग्राम तिवई स्थित कुर्ना नाला के पास से गिरफ्तार कर मुकदमा अपराध संख्या 141/2021, धारा 302 व मुकदमा अपराध संख्या 143/2021 धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि. 16/7/21

# युवक के हत्यारे को भेजा जेल

**कार्रवाई**

**रुद्रपुर | हिन्दुस्तान संवाद**



तिवई गांव निवासी युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या करने वाले आरोपी को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। • हिन्दुस्तान

क्षेत्र के तिवई गांव में बुधवार की सुबह एक युवक ने चाकुओं से गोदकर एक युवक की नृशंस हत्या कर दिया था। हत्यारोपी शाम को वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने गुरुवार को उसे धारा 302 के आरोप में न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

तिवई गांव निवासी राहुल पुत्र शत्रुघ्न बुधवार की सुबह करीब छह बजे कुर्ना नाला के किनारे सैय्यद बाबा के मजार के पास अपनी खेत के निकट शौच करने गया था। जहां पुरानी रंजिश को लेकर गांव का ही एक युवक पहले से घात लगाकर बैठा था। जैसे ही राहुल [illegible] के बगीचा में पहुंचा युवक उसके ऊपर टूट पड़ा। वह लगातार चाकुओं से वार कर वकील को मौत के घाट उतार दिया। मामले में पुलिस ने मृतक के पिता शत्रुघ्न की तहरीर पर गांव के ही वकील पुत्र बंशराज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाम को करीब पौने सात बजे वकील अंधेरे का लाभ उठाकर कहीं भागने की फिराक में था। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार मिश्र अपने हमराहियों के साथ पहुंच गए। पुलिस ने तिवई कुर्ना नाला के पास से वकील को दबोच लिया। साथ ही उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

हिन्दुस्तान दि. 16/7/21

# फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी की जांच के लिए एडीजी ने गठित की एसआईटी

देवरिया | निज संवाददाता

फर्जी प्रमाण पत्र और फर्जी अनुमोदन पत्र के आधार पर बेसिक शिक्षा विभाग में नौकरी करने वाले शिक्षक, कर्मचारी और दलाल के विरुद्ध कोतवाली में दर्ज मुकदमे की जांच 15 सदस्य एसआईटी करेगी। एसआईटी क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में बनाई गई है। जिसमें सदर कोतवाल वह एसटीएफ के इंस्पेक्टर को भी शामिल किया गया है।

एडीजी गोरखपुर ने एसआईटी टीम गठित कर मामले की गहन जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया है। इस मामले में एसटीएफ ने 18 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए 3 शिक्षक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सिद्धार्थनगर के जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य ने देवरिया के बीएसए कार्यालय के वित्त व लेखाधिकारी को पत्र भेजकर जिले के अशासकीय सहायता प्राप्त पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में अनियमित एवं फर्जी रुप से नियुक्त कार्यरत शिक्षकों का भुगतान को रोकने को कहा था। अवधेश नारायण मौर्य पूर्व में देवरिया में बेसिक शिक्षाधिकारी के पद पर तैनात रहे हैं। उनके कार्यकाल के दौरान कर्मचारियों ने दलाल और लेखाधिकारी की मिलीभगत से चार शिक्षकों की अलग-अलग विद्यालयों में तैनाती किया गया। जिसमें पूर्व बीएसए अवधेश नारायण मौर्य द्वारा निर्गत अनुमोदन पत्र को संलग्न किया गया था। इसकी शिकायत डीआईओएस सिद्धार्थनगर ने एसटीएफ गोरखपुर से की। एसटीएफ गोरखपुर के इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने बीएसए कार्यालय के वित्त एवं लेखाधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, प्रबंधक और दलाल समेत 18 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्नाज कराया है। इसके साथ ही तीन शिक्षक समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्मज कर जेल भेज दिया। इसे गोरखपुर के एडीजी ने गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में 15 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया। जिसमें दर्ज मुकदमें के विवेचक कोतवाल राजू सिंह, मुकदमा दर्ज कराने वाले एसटीएफ के इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह को भी शामिल किया गया है।

## इनके विरुद्ध दर्ज हुआ था केस

एसटीएफ इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस ने बीएसए कार्यालय के वित्त एवं लेखाधिकारी जगदीश लाल श्रीवास्तव, दिलीप कुमार उपाध्याय, राघवेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, विमल कुमार शुक्ला, ब्रजेन्द्र सिंह, अजित उपाध्याय, राजकुमार मणि, ओमप्रकाश मिश्रा, जनार्दन उपाध्याय, विनय कुमार, कुमारी अंजना, सुरेन्द्र यादव, जगदीश यादव, कुमारी विमला यादव, नीतू रस्तोगी, श्वेता मिश्रा, संजय कुमार आर्य और रंजना कुमारी के विरुद्ध धारा 409, 419, 420, 467, 468, 471, 474, 120बी आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया।

हिन्दुस्तान दि. 16/7/21

# थाने में हुई पंचायत, मंदिर में होगी शादी

**भागलपुर।** मईल थाना क्षेत्र के एक गांव में घूम रहे सजातीय प्रेमी युगल को देख आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रेमी की धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। दोनों पक्षों के बीच थाना में घंटों चली पंचायत के बाद निर्णय लिया गया कि दो दिन बाद मंदिर में इनकी शादी होगी। सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के पकड़ी लाला गांव निवासी अनिश राजभर पुत्र चंद्रिका और मईल थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के बीच पांच माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार को युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए उसके गांव चला आया। दुसरे दिन दोनों प्रेमी युगल को गांव से लेकर भागलपुर बाजार तक घूमता देख नाराजगी जताई। पुलिस ने दोनों के परिजनों को बुलाया। थाना में दोनों पक्षों के बीच घंटों चली पंचायत में निर्णय लिया गया कि दो दिन बाद सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के मझौलीराज स्थित प्रसिद्ध दिर्घेश्वर नाथ मंदिर में भगवान को साक्षी मानकर दोनों का विवाह किया जाएगा।

दैनिक जागरण दि॰ 16/7/21

# युवक के हत्यारोपित को पुलिस ने भेजा जेल



तिवई में युवक के हत्यारोपित वकील प्रसाद गिरफ्तार ● जागरण

**जागरण संवाददाता, रुद्रपुर** : कोतवाली क्षेत्र के तिवई में युवक की चाकू मारकर हुई हत्या के मामले में आरोपित को पुलिस ने गुरुवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया।

गांव के राहुल प्रसाद का आरोपित वकील प्रसाद की पत्नी से दो साल से अवैध संबंध थे, कई बार राहुल को वकील ने समझाया, लेकिन वकील बात समझने को तैयार नहीं हुआ। बुधवार को राहुल की वकील ने चाकू से गोद कर हत्या कर दी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपित वकील को पुलिस ने बुधवार को ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में वकील ने हत्या करने व कारण के बारे में भी पुलिस को बताया। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने कहा हुई थी। घटना में प्रयुक्त चाकू व अन्य सामान बरामद कर लिया गया है। आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से जेल भेज दिया गया।

**कंपनी का रैपर बदलकर बेच रहे थे नमक, मुकदमा** :देवरिया: गौरीबाज़ार थाना क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नमक कंपनी का रैपर लगाकर नमक बेच रहे तीन दुकानदारों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही उनकी गिरफ्तारी में टीम जुट गई है। नमक कंपनी के अधिकारियों को सूचना मिली कि गौरीबाजार थाना क्षेत्र में उनकी कंपनी के नमक का रैपर लगाकर कुछ दुकानदार नकली नमक बेच रहे हैं। गौरीबाजार के बैतालपुर के तीन दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक एमपी सिंह ने कहा कि आरोपितों की

अमर उजाला दि. 16/7/21

# हाथ-पैर बांधकर चालक को फेंका और कार लूट ले गए

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू(देवरिया)। मझवलिया गांव की पुलिया के पास से एक लग्जरी कार लूटने का मामला प्रकाश में आया है। कार को लखनऊ से बुक कराकर बदमाश लाए थे। यहां पहुंचने पर चालक का हाथ पैर बांधा और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद उसे पुलिया के नीचे फेंककर कार लेकर भाग निकले। कार लूट की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई। हालांकि पुलिस ने अबतक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के सीते बिहार कालोनी दुबग्गा निवासी पप्पू अली पुत्र शाकिर अली की स्विफ्ट डिजायर कार 11 जुलाई को तीन लोगों ने लखनऊ से देवरिया आने के लिए बुक कराई। पुलिस के मुताबिक पप्पू अली कार लेकर जब देवरिया पहुंचे तो यहां से फिर तीनों ने चालक से बलिया में किसी से रकम पाने की बात कहकर वहां जाने के लिए कार बुक करा ली। बलिया से लौटते समय 13 जुलाई की देररात मझवलिया-गड़ेर मार्ग पर मझवलिया स्थित पुलिया के पास चालक का हाथ पैर बांधकर बदमाशों ने उसे पुलिया के नीचे फेंक दिया और कार लेकर भाग निकले।

उधर, चालक ने बुधवार को 112 पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस चालक को लेकर घटना

## पीड़ित लखनऊ का निवासी, मझवलिया पुलिया के पास हुई वारदात

### सर्विलांस से बदमाशों तक पहुंचने में लगी पुलिस

कार लूटकांड प्रकरण में शामिल बदमाशों तक पहुंचने के लिए पुलिस सर्विलांस का सहारा ले रही है। बदमाशों ने कार के साथ चालक का मोबाइल फोन भी लूट लिया है। ताकि वह तत्काल पुलिस को सूचना न दे सके। वैसे सबसे गौर करने वाली बात यह है कि बदमाश कार लखनऊ से बुक कराकर देवरिया के लिए चले। फिर बलिया लेकर गए। पुलिस के मुताबिक बलिया होटल में भी रुके। लेकिन घटना को अंजाम खुखुंदू क्षेत्र में आकर दिया। बदमाशों के लिए घटना को अंजाम देने के लिए खुखुंदू क्षेत्र ही महफूज साबित हुआ।

से पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया। इसके बाद थाने पर भी पहुंच कर आप बीती बताई।

घटना के बाद चालक डरा सहमा हुआ है। उसने पुलिस से बदमाशों के चंगुल से कार मुक्त कराने की गुहार लगाई है। एसओ अनिल कुमार यादव ने बताया कि कार लूट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर गई थी। पीड़ित ने अभी तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। वैसे कार की तलाश की जा

अमर उजाला दि. 16/7/21

# तिवई हत्याकांड के आरोपी ने कबूला जुर्म

## पत्नी से की बदसलूकी का लेना था बदला, मरने-मारने की खाई थी कसम

**रुद्रपुर।** तिवई में बुधवार को चाकू घोंपकर युवक की हत्या के आरोपी वकील ने पुलिस के सामने जुर्म कबूल कर लिया। फिल्मी अंदाज में कहा, उसे पत्नी से की गई बदसलूकी का बदला लेना था। इस कारण उसने मरने मारने की कसम खाई थी।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित।

बयान की बीडीओ फुटेज में उसने राहुल की आत्म सम्मान में हत्या करने की बात कही है। वारदात के बाद भाग रहे आरोपी को पुलिस ने रुद्रपुर देवरिया मार्ग पर सरौरा से गिरफ्तार किया था। बकौल पुलिस वह चौराहे पर भागने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। तभी उसे दबोच लिया गया। इस बाबत कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार मिश्र ने कहा कि आरोपी को हत्या में प्रयुक्त असलहे के साथ न्यायालय भेज दिया गया है। वहां उसने जुर्म को कबूल कर लिया। गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। संवाद

अमर उजाला 16/7/21

### तीन साल से जिंदा होने के सबूत लेकर देवरिया की रुद्रपुर तहसील में घूम रहे रामअवध

# साहब, एकदम सच कह रहा हूं- मैं जिंदा हूं

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर (देवरिया)। रुद्रपुर के डाला गांव के रहने वाले रामअवध तीन साल से अपने जिंदा होने के प्रमाण लेकर तहसील के चक्कर काट रहे हैं। पर तारीख पे तारीख देने की कार्यप्रणाली फिलहाल उनके जिंदा होने पर यकीन नहीं कर रही है। तहसील के कागजात में वह आज भी 'मृत' हैं।

रामअवध का कहना है कि पट्टीदारों ने जमीन हड़पने की नीयत से तहसील में मिलीभगत करके मृतक घोषित करवा कर उनकी जमीन अपने नाम चढ़वा ली।



रामअवध

**आरोप - पट्टीदारों ने मृतक घोषित कराकर अपने नाम करा ली जमीन**

*मामला संज्ञान में नहीं है। कोर्ट में गुणदोष के आधार पर पीड़ित को न्याय जरूर मिलेगा।*
**- बंशराज, तहसीलदार**

डाला गांव के रहने वाले 80 साल के बुजुर्ग रामअवध वर्षों पहले कामकाज के सिलसिले में ललितपुर जिले में कमाने गए और फिर वहीं परिवार के साथ सैदपुर गांव में आबाद हो गए। उन्होंने सैदपुर गांव में कुछ संपत्ति भी खरीदी। बकौल रामअवध इस दौरान वह अपने पुश्तैनी गांव आते-जाते रहे। पट्टीदारों ने दस साल पहले उन्हें मृत घोषित कराकर उनके हिस्से की जमीन अपने नाम दर्ज करा ली। तीन साल पहले जब इस बात का उन्हें पता चला तो उन्होंने तहसील में केस कर दिया।

अब तीन साल से वह हर तारीख पर आधार कार्ड और अन्य कागजात लेकर अपने जिंदा होने का सबूत देने आ रहे हैं, पर अभी तक राजस्व के कागजात में खुद को जिंदा दर्ज नहीं करा पाए हैं।

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-07-2021

# चोरी की बाइक के साथ शातिर दबोचा

पडरौना। कोतवाली पडरौना की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर को गिरफ्तार किया। पकड़े गये शातिर चोर की पहचान अफरोज निवासी रामधाम पोखरा थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई।

# कोतवाल ने की व्यापारियों संग बैठक

**हाटा।** कोतवाली परिसर में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ कोतवाल जेपी पाठक ने गुरुवार को बैठक की। इसमें आये दिन नगर में हो रहे जाम से आमजन को मुक्ति दिलाने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। व्यापारी नेताओं के साथ हुई बैठक में कोतवाल ने कहा कि नगर में आये दिन जाम की समस्या से जहां आम जन घंटों परेशान रहता है तो वहीं पुलिस के सामने भी कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इस दौरान चौकी इंचार्ज वीरेंद्र कुमार यादव, एसआई चंदन, उदयभान, दिलीप कुमार , व्यास ओझा, सुनील नाथानी, शंकर, रजनीश गिरी, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# दुकानों के भीतर व बाहर सीसी कैमरा जरूरी

**जासं, रामकोला :** थाना परिसर में गुरुवार की शाम एसएचओ डीके सिंह ने दुकानदारों संग बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार अपनी दुकान के भीतर और बाहर सीसी कैमरे अवश्य लगवा लें। इससे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान भी हो जाएगी और कोई चोरी का प्रयास करेगा तो पकड़ लिया जाएगा।

एसएचओ ने कहा कि कोई भी दुकानदार अपराधी किस्म के व्यक्ति को अपनी दुकान पर न रखे, ऐसे लोग किसी के नहीं होते हैं। श्रावण शुरू होने वाला है, रक्षाबंधन के अवसर पर बाजार में भीड़ बढ़ती है। शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। व्यापार मंडल अध्यक्ष बुनेला गुप्ता, प्रमोद केडिया, गौरीशंकर गुप्ता, मनोज कुमार तुलस्यान, ओमप्रकाश साहू, विनोद वर्मा, रामअवतार केडिया, हरिशंकर तिवारी, सुरेश अग्रवाल, पारसनाथ केडिया, श्रीकांत खरवार आदि मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक के साथ लिफ्टर गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल बरामद कर एक शातिर लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय से उसे जेल भेज दिया गया है।

एएसपी एपी सिंह ने बताया कि कोतवाली पुलिस दोपहर में गश्त पर थी। नगर से सटे गांव विशुनपुरा स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के समीप बाइक सवार युवक को देख पुलिस ने रोका तो वह भगाने लगा। पीछा कर पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। वाहन का कागजात मांगने पर वह नहीं दे सका। टीम ने जब सख्ती की तो उसने बताया कि बाइक चोरी की हैं, जिसे बेचने वह बिहार जा रहा था। वाहन उसने कसया शहर से चुराया था। पूछताछ में उसकी पहचान अफरोज अली निवासी रामधाम पोखरा थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। पुलिस टीम में दारोगा रामचंद्र कां. राहुल यादव, विजय कुमार, चंद्रमा विंद शामिल रहे।

# विवाहिता की मौत के मामले में पति समेत चार पर मुकदमा

**जासं, बरवापट्टी :** बरवापट्टी थाने के ग्राम सभा दशाहवा के टोला पुष्कर नगर में बीते बुधवार को 32 वर्षीय ज्योति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने पति सहित चार लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आने पर मृतका के पति विजय लाल श्रीवास्तव, सास उर्मिला, देवर अनुज और देवरानी कुसुम के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

थानाध्यक्ष सुरेश चंद्र राव ने बताया कि आरोपित शीघ्र गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

# 'अपराध रोकने में पुलिस का करें सहयोग'

रामकोला। स्थानीय थाना परिसर में बृहस्पतिवार की शाम व्यापारियों के साथ बैठक हुई। इसमें अपराध रोकने के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

एसओ डीके सिंह ने कहा कि सभी दुकानदारों को अपने दुकान के भीतर और बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाना चाहिए। ताकि चोरी समेत अन्य मामलों में संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि दुकान पर कर्मचारी रखने से पहले उसके बारे में पुलिस को सूचना दें, जिससे उसके बारे में पता लगाया जा सके। उन्होंने श्रावण मास में मंदिरों और दुकानों पर बेवजह भीड़ नही लगाने की अपील की। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष बुनेला गुप्ता, प्रमोद केडिया, गौरी शंकर गुप्ता, मनोज कुमार तुलसयान, ओम प्रकाश साहू, विनोद वर्मा, रामअवतार केडिया, हरिशंकर तिवारी, सुरेश अग्रवाल, पारसनाथ केडिया, श्रीकांत खरवार आदि मौजूद रहे। संवाद

# पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बरवापट्टी।** ग्रामसभा दशहवा के टोला पुष्करनगर में बुधवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने उसके पिता की तहरीर पर पति सहित चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गांव की 32 वर्षीय ज्योति की मौत बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी। उसके पिता ने पति, सास, देवर और देवरानी के खिलाफ नामजद तहरीर दी थी। उन्होंने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। मृतका के ससुरालवाले घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। बरवापट्टी थाने के एसओ सुरेशचंद्र राव ने बताया मृतका के पिता की नामजद तहरीर पर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-07-2021

# पौधारोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** पर्यावरण संरक्षण के क्रम में चल रहे जिले में पौधारोपण महाअभियान में पुलिस विभाग ने भी कदम से कदम मिलाया है। लक्ष्य 6800 के सापेक्ष पुलिसकर्मियों ने अबतक 6500 पौधे लगाकर उनके संरक्षण की शपथ ली। अकेले पुलिस लाइन में ही 1200 पौधे रोपित किए गए हैं।

गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार व प्रतिसार निरीक्षक रामदुलार यादव व अन्य पुलिसकर्मियों ने पौधारोपण करते हुए उनके संरक्षण की शपथ ली। इसमें सागौन, नीम के साथ फलदार पौध शामिल हैं। प्रतिसार निरीक्षक ने बताया कि इस वर्ष पुलिस विभाग को पौधारोपण के लिए 6800 का लक्ष्य मिला था। इसके सापेक्ष अब तक जिले के सभी थाना और चार पुलिस उपाधीक्षक कार्यालयों समेत पुलिस लाइन और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर 6500 पौधे रोपित कर लिए गए हैं। इसमें निचलौल, ठूठीबारी, सोहगीबरवा, घुघली, कोठीभार, परसामलिक, नौतनवा, बृजमनगंज, फरेंदा, कोल्हुई, बरगदवा, पुरंदरपुर, पनियरा, श्यामदेउरवा, महिला थाना, सिंदुरिया, सोनौली, कोतवाली व चौक थाना शामिल हैं।



पुलिस लाइन में प्रतिसार निरीक्षक रामदुलार यादव के साथ पौधारोपण करते अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार●जागरण

## पर्यावरण संरक्षण

- सागौन, नीम समेत अन्य फलदार पौधों का किया रोपण
- अपर पुलिस अधीक्षक व प्रतिसार निरीक्षक ने लिया संरक्षण का संकल्प

गोली लगने से घायल बदमाश हुआ था गिरफ्तार पर दो बदमाश जंगल में हो गए थे फरार

# मुठभेड़ में घायल बदमाश के दो साथियों को भी पुलिस ने दबोचा

**हिन्दुस्तान फॉलोअप**

महराजगंज | **हिन्दुस्तान टीम**

बृजनमगंज क्षेत्र के बनगढ़िया पुल पर पुलिस मुठभेड़ में भागने वाले दो बदमाशों को भी पुलिस जंगल में रातभर सर्च अभियान चलाकर गुरुवार की सुबह दबोच लिया। पुलिस की गोली से घायल एक बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके दो साथियों को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया।

पुलिस कार्यालय में एसपी प्रदीप गुप्ता ने मुठभेड़ की जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की देर शाम बृजमनगंज पुलिस व क्राइम ब्रांच की मुठभेड़ में गोली लगने से घायल शातिर बदमाश टीसू उफ वसीम अकरम पुत्र इस्लाम निवासी नौतनवा कस्बा के शाह बहादुर नगर भुंडी मोहल्ला पकड़ा गया था। उसके दो साथी भाग गए थे। जिन्हें दुर्गा मंदिर मोड़ से गुरूवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। इसमें से एक का नाम नीतेश पुत्र तेज बहादुर व दूसरे का नाम प्रदीप कुमार जायसवाल पुत्र राममिलन है। दोनों फरेंदा थानाक्षेत्र के पिपरा मौनी विधायक चौराहा के निवासी हैं। दोनों के खिलाफ केस दर्ज करने के जेल भेज दिया गया।

**मुठभेड़ में पुलिस की यह टीम संभाली थी मोर्चाः** बनगढ़िया पुल पर मुठभेड़ में पुलिस टीम में स्वाट टीम प्रभारी शशांक शेखर, इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, बृजमनगंज थानाध्यक्ष कमलेश सिंह, हेड कांस्टेबिल धनंजय, देवेन्द्र, विशाल, कांस्टेबिल आदित्य, मोबारक, स्वाट टीम के हेड कांस्टेबिल ओम प्रकाश, विद्या सागर, रामभरोस, धनंजय, अजय व संजय शामिल थे।



एसपी प्रदीप गुप्ता ने गुरुवार को घटना की जानकारी दी।

## पांच राउंड हुई थी फायरिंग, पुलिस ने रातभर जंगल में कांबिंग की

बृजमनगंज। बृजमनगंज थाना में बुधवार को मोबाइल लूट का एक केस दर्ज हुआ था। उसी मामले को लेकर बृजमनगंज पुलिस जांच-पड़ताल कर रही थी। क्राइम ब्रांच की टीम भी पहुंच गई। बनगढ़िया पुल पर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी गई। उसी दौरान एक बाइक पर तीन सवार आए। पुलिस जैसे ही उन्हें रोकी पीछे बैठा टीसू उर्फ अकरम ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई के लिए पुलिस भी घेराबंदी करते हुए मोर्चा संभाल फायरिंग कर दी। पांच राउंड गोली चली। पुलिस की एक गोली वसीम अरकम के पैर में लगी। उसके दोनों साथी नीतेश व प्रदीप जंगल में भाग गए। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसपी प्रदीप गुप्ता, फरेंदा सीओ घटना स्थल पर पहुंचे। बृजमनगंज, कोल्हुई, पुरन्दरपुर, फरेन्दा थाना से पुलिस कर्मियों को बुला लिया गया। रात भर दोनों फरार आरोपितों की जंगल में कांबिंग हुई। गुरुवार की सुबह नीतेश व प्रदीप को दुर्गा मंदिर मोड़ से पुलिस टीम ने दबोच लिया।

## टीसू उर्फ अकरम के खिलाफ दर्ज हैं 16 आपराधिक मामले

एसपी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया टीसू उर्फ वसीम अरकम शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ 16 अपराधिक मामले दर्ज है। बुधवार को बृजमनगंज थाना में उसके खिलाफ मोबाइल लूट का केस दर्ज किया गया। उसी मामले की छानबीन के दौरान मुठभेड़ गई। एसपी ने बताया कि टीसू उर्फ वसीम अकरम नौतनवा थाना का हिस्ट्रीशीटर भी है। उसके खिलाफ चोरी, छिनैती व लूट के अलावा मादक पदार्थ तस्करी के कई केस दर्ज हैं। गैंगेस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट में भी कार्रवाई हो चुकी है। पहली बार अपराधिक मामले में टीसू उर्फ अरकम का नाम वर्ष 2005 में आया था। वर्ष 2007 में उसके खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हुई थी। उसके बाद वह नौ साल तक अपराधों से दूर रहा। वर्ष 2016 में फिर अपराधिक गतिविधियां शुरू कर दिया। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। टीसू अपने साथियों के साथ बाइक से राह चलते लोगों का मोबाइल छीन कर फरार हो जा रहा था।

## एक नजर में

### शांतिभंग में 19 का चालान

**महराजगंज :** जिला पुलिस ने गुरुवार को निचलौल और नौतनवा तहसील के कुल 19 लोगों को शांतिभंग में चालान किया। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था बरकरार रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है। (जासं.)

### 19 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज :** ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को बरगदवा थाना क्षेत्र के बेलहिया निवासी सूरज के पास से 19 शीशी नेपाली शराब बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गईहै। (जासं.)

### कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज :** निचलौल थाने की पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के बढ़या मुस्तकिल से एक आरोपित के पास से नौ लीटर कच्ची बरामद करते हुए उसे चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित कैलाश को बढ़या उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। (जासं.)

# देवेंद्र कोल्हुई व हरेंद्र पनियरा के बने थानाध्यक्ष

**महराजगंज :** एसपी प्रदीप गुप्ता ने पांच निरीक्षकों समेत कुल छह पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नई तैनाती दी है। इसमें जहां डीसीआरबी के प्रभारी रहे हरेंद्र मिश्र को पनियरा तो वहीं पीआरओ रहे उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह को कोल्हुई का थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा कोल्हुई के थानाध्यक्ष दिलीप शुक्ला को पीआरओ, पनियरा के थानेदार दिलीप सिंह को अतिरिक्त निरीक्षक निचलौल, पुलिस लाइन में तैनात गोरखनाथ सरोज को प्रभारी डीसीआरबी व रामचंद्र राम को क्राइम ब्रांच के विवेचना सेल में तैनाती दी गई है। (जासं.)

# घर में घुसा युवक हिरासत में

**जागरण संवाददाता, कोल्हुई :** स्थानीय थानाक्षेत्र के एक गांव में युवती से छेड़खानी की नीयत से युवक घर में घुस गया।

युवती ने शोर मचाना शुरु कर दिया। जिससे स्वजन जाग गए और युवक को पकड़ लिए। स्वजन ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को रात में ही हिरासत में लिया है।

# नेपाल में भारतीय ट्रक से 159 किग्रा गांजा बरामद

**जागरण संवाददाता, सोनौली :** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के हेटौडा में गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस ने जांच के दौरान एक भारतीय नंबर प्लेट की ट्रकसे 159 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इसके अलावा नेपाली ट्रक से भी 40 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

दोनों ट्रकों को जब्त कर उनके चालकों व उनके खलासी पर नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पकड़े गए भारतीय ट्रक चालक की पहचान मोतिहारी बिहार निवासी रविंद्र राय व खलासी मुख्तार तौफीक के रूप में हुई है। दोनों ट्रक पूर्वी- पश्चिमी राजमार्ग के रास्ते विराटनगर की ओर जा रहे थे। नेपाली ट्रक का चालक दीपक गुरुंग हिरासत में लिया गया है। जबकि उसका खलासी भाग निकलने में सफल रहा।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर दल बहादुर थापा का कहना है कि ट्रकों को जब्त कर चालक व उसके सहयोगी को जेल भेज दिया गया है।

# मुठभेड़ में फरार दोनों बदमाश गिरफ्तार

## बुधवार की रात मुठभेड़ में पकड़ा गया था नौतनवा निवासी हिस्ट्रीशीटर टीशू उर्फ वसीम

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** पुलिस व बदमाशों के बीच बुधवार की रात हुई मुठभेड़ के बाद से फरार अन्य दो बदमाशों प्रदीप व नीतेश को भी पुलिस ने दबोच लिया। दोनों मुख्य आरोपित टीशू उर्फ वसीम के साथ गैंग बनाकर छिनैती की घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहे थे।


गिरफ्तार आरोपित के बारे में जानकारी देते एसपी प्रदीप गुप्ता ● जागरण

पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि तीनों को जेल भेज दिया गया है। बुधवार की रात स्वाट टीम के प्रभारी शशांक शेखर राय और थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह की टीम ने नौतनवा थाना क्षेत्र के भुंडी निवासी टीशू उर्फ वसीम को बृजमनगंज थाना क्षेत्र के बनगढ़िया में रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। उसकी बाइक पर फरेंदा थाना क्षेत्र के पिपरामौनी निवासी प्रदीप कुमार जायसवाल और नीतेश भी बैठे थे। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में पुलिस ने टीशू के पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया, जबकि प्रदीप और नीतेश मौके से फरार हो गए थे। पूछताछ के बाद उनकी पहचान की गई और दोनों को गुरुवार को लेहड़ा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से असलहा भी बरामद किया गया है। पकड़े गए तीनों आरोपितों के खिलाफ पुलिस पर हमला, हत्या के प्रयास सहित अवैध असलहा रखने के मामले मे गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। एसपी ने स्वाट टीम के प्रभारी शशांक शेखर राय, निरीक्षक आशुतोष सिंह, थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह, ओमप्रकाश यादव, धनंजय खरबार, आदित्य यादव, मुबारक अली, देवेंद्र यादव, विशाल, अजय कुमार, संजय कुमार सिंह आदि को शाबासी दी। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपित टीशू उर्फ वसीम नौतनवा थाने का हिस्ट्रीशीटर है, नौतनवा, सोनौली, गोरखपुर में कुल 18 मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ दो बार गुंडा और गैंगस्टर की भी कार्रवाई हो चुकी है।

# फरार हुए दो बदमाशों को दबोचा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रविवार को हुई मुठभेड़ में फरार हो गए थे, एक घायल बदमाश का चल रहा इलाज**

**महराजगंज।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के बनगढ़िया चौराहे के पास बुधवार की देर रात पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। जिला अस्पताल में पुलिस टीम ने उसका इलाज कराया। इसके बाद फरार हुए उसके दो साथियों की तलाश में पुलिस टीम जुट गई। पूरी रात जंगल में कांबिंग की गई। बृहस्पतिवार की सुबह 6 बजे लेहडा स्टेशन के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

बृहस्पतिवार को एसपी प्रदीप गुप्ता ने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि नौतनवां समेत कई थानों में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर अपराधी टीशू उर्फ अकरम को थाना बृजमनगंज पुलिस व क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ में दबोच लिया।

मुठभेड़ के दौरान उसके एक पैर में गोली लगी। पुलिस द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल लगाया गया। इसके विरुद्ध 16 मुकदमे पंजीकृत हैं। वर्तमान में अपने दो साथियों के साथ मोबाइल छिनैती कर रहा था। इसके विरुद्ध 14 जुलाई को थाना बृजमनगंज में मोबाइल लूट का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बनगढ़िया चौराहे के पास पुलिस घेराबंदी करके इनको पकड़ने का प्रयास किया तो पुलिस पर फायर कर दिए। जवाबी कार्रवाई में गोली एक बदमाश के पैर में जा लगी। उसके दो साथी बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर बृजमनगंज के जंगलों में चले गए। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा कांबिंग की जा रही थी।

छानबीन तलाश के दौरान टीम ने लेहडा स्टेशन के पास नीतेश निवासी पिपरामौनी विधायक चौराहा थाना फरेंदा, प्रदीप कुमार जायसवाल निवासी पिपरामौनी विधायक चौराहा फरेंदा को गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने बताया कि इनके पास से एक देशी तमंचा, जिंदा कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। इसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 20 शीशी देशी शराब बरामद

**लक्ष्मीपुर।** पुरंदरपुर पुलिस ने कोट कम्हरियां गांव के पास एक व्यक्ति को 20 शीशी देशी के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपित सदानंद निवासी कोट कम्हरिया को चालान कर दिया गया। यह जानकारी थाना प्रभारी रवि कुमार राय ने दी। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-07-2021

# मोबाइल चोर को जीआरपी ने दबोचा

**बस्ती।** बस्ती रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को जीआरपी टीम ने एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय उर्फ भीम साहनी बताया। उसके पास टीम ने एक मोबाइल बरामद किया है जो चोरी का था। पोस्ट पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

टीम के अनुसार पकड़ा गया आरोपी खलीलाबाद के गांधीनगर वार्ड का रहने वाला है और उसके खिलाफ 2019 में चारबाग स्टेशन पर भी मोबाइल चोरी का मुकदमा दर्ज है। जीआरपी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर एसके चौहान ने बताया कि वह गुरुवार को बस्ती स्टेशन के प्लेटफार्म दो पर मोबाइल चोरी की फिराक में था कि एसआई प्रदीप राही और उनकी टीम की नजर पड़ गई। तलाशी में उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। कई अन्य मोबाइल चोरी के प्रकरणों में शामिल होना स्वीकार किया है। टीम में जीआरपी के आरपीएफ के एसआई दिलीप कुमार, सुरेंद्र पासवान भी रहे।

# मारपीट की तीन घटनाओं में दस के खिलाफ केस

**बस्ती।** कप्तानगंज, मुंडेरवा व वाल्टरगंज पुलिस ने मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कप्तानगंज के रमवापुर निवासी जितेन्द्र का आरोप है कि गांव के राममहेश चौधरी, दिनेश व कीली ने भूमि विवाद में उनकी पत्नी को मारापीटा। मुंडेरवा पुलिस ने जगुई निवासी पन्ने लाल की तहरीर पर मारपीट के आरोप में गांव के दीनानाथ, धर्मेन्द्र, त्रिभुवन व सत्यपाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। वाल्टरगंज पुलिस ने बहरैची निवासी उमरा खास थाना रुधौली हालमुकाम सल्टौआ देईपार की तहरीर पर सल्टौआ देईपार निवासी कुलदीप मोदनवाल, भीम व उमेश जायसवाल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# छेड़छाड़ व धोखाधड़ी के आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** रुधौली व सोनहा पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। रुधौली पुलिस ने छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट में आरोपी मुजफ्फर अली उर्फ मोहम्मद कैफ को पकड़ा है। वहीं सोनहा पुलिस ने आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 में आरोपी कलीमुल उर्फ कलीमुल्ला निवासी पिरैला गरीब थाना सोनहा को गिरफ्तार कर लिया है।

उधर, हर्रैया थाना प्रभारी एसएचओ विन्देश्वरीमणि त्रिपाठी ने बताया कि अवैध व अपमिश्रित शराब का कारोबार करने वाले राजू गुप्ता उर्फ जरलाहे निवासी नरायनपुर तिवारी थाना हर्रैया, विनोद राजभर निवासी पिनेसर थाना हर्रैया और गोली राजभर निवासी पिपरी थाना दुबौलिया को 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में पाबंद किया गया है।

# रेप के आरोपी को दस साल की सजा

बस्ती। पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश ब्रजेश मणि त्रिपाठी की अदालत ने बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले एक आरोपी को दस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 40 हजार रुपये का अर्थदण्ड की लगाया है। अर्थदण्ड न अदा करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

विशेष शाशकीय आधिवक्ता कमलेश चौधरी ने अदालत को बताया कि पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि 24 फरवरी 2018 की शाम उसकी नौ वर्षीय बेटी बच्चों के के साथ खेल रही थी। तभी गांव का रहने वाला राम सुरेश उसे बहला फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया। उसके साथ गलत काम किया। पीड़िता ने घर आने के बाद आपबीती बताई।

# महिला चेन स्नेचर परसरामपुर में गिरफ्तार

**परसरामपुर।** परसरामपुर थाना क्षेत्र के पौराणिक स्थल श्रृंगीनारी मन्दिर पर लगे मेले के दौरान एक महिला के गले से सोने की चेने उड़ाने की आरोपी महिला चेन स्नेचर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी महिला राजनीति उर्फ गुड्डी निवासी मीरगंज थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर ने पूछताछ में बताया कि उसने चोरी की चेन को बेच दिया था। बेची गई चेन की रकम में से 53 सौ रुपये पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार श्रृंगीनारी मंदिर पर लगे मेले से 22 जून को एक महिला का सोने का चेन गले से चोरी हो गया था। इसकी तलाश में जुटी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि घटना को अंजाम देने वाली महिला श्रृंगीनारी चौराहे के पास मौजूद है।

# मंदिर परिसर से महिला चेन स्नेचर गिरफ्तार

**जासं,परशुरामपुर :** परशुरामपुर पुलिस ने श्रृंगीनारी मंदिर परिसर से एक महिला चेन स्नेचर को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से 5300 रुपये बरामद किया गया,हालांकि उसके पास से सोने की कोई चेन बरामद नहीं की गई है। आरोपित महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले उसने श्रृंगीनारी मंदिर से एक महिला के गले से चेन व पर्स छीना था। महिला चेन स्नेचर की पहचान राजनीति उर्फ गुड्डी निवासी मीरगंज थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर के रूप में की गई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि 22 जून को श्रृंगीनारी मंदिर परिसर में दर्शन करने आई महिला से चेन उड़ाने की घटना को लेकर पुलिस ने इस महिला को पकड़ने की कोशिश की थी, मगर वह चकमा देकर भाग निकली।

# आरपीएफ व जीआरपी के हत्थे चढ़ा शातिर

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) व राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीम ने एक शातिर मोबाइल चोर को गुरुवार को बस्ती रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से चोरी का मोबाइल बरामद किया गया है।आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव ने बताया कि आरपीएफ के उप निरीक्षक दिलीप कुमार और हेड कांस्टेबल आनंद यादव और जीआरपी के उप निरीक्षक प्रदीप के साथ स्टेशन पर संयुक्त रूप से गश्त कर रहे थे। उसी दौरान बस्ती रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो और तीन के पश्चिमी छोर पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। टीम ने



मोबाइल चोरी के आरोप में गिरफ्तार आरोपित के साथ आरपीएफ व जीआरपी टीम ●सौ. स्वयं

उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय सहानी उर्फ भीम साहनी पुत्र धुर्वे सहानी निवासी गांधी नगर थाना कोतवाली जिला बस्ती बताया। तलाशी के दौरान चोरी का एक मोबाइल बरामद हुआ। इंस्पेक्टर ने बताया कि 15 से अधिक बार वह जेल जा चुका है।

# पूर्व विधायक को पुलिस ने घर पर रोके रखा

**जासं, बस्ती :** समाजवादी पार्टी की ओर से गुरुवार को तहसील मुख्यालयों पर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को देखते हुए पुरानी बस्ती पुलिस ने बस्ती सदर के पूर्व विधायक जीतेन्द्र कुमार उर्फ नंदू चौधरी को उनके आवास पर ही कार्यकर्ताओं के साथ रोक दिया । आशू चौधरी, दुर्गेश यादव ,कमांडर चौधरी, दीपक चौधरी, संतोष चौहान, अनिल यादव, पीटर यादव, अजय यादव, अवधेश चौधरी, संजय गुप्ता आदि को धरना प्रदर्शन में जाने से रोका गया। सपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया : जासं, दुईसांड़ : सपा के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए इसमें शामिल होने से पहले ही लालगंज पुलिस ने सपा कार्यकर्ताओं को उनके घरों व चौराहों से हिरासत में ले लिया। पांच घंटे तक उन्हें थाने पर बैठाए रखा गया। अमर अग्रहरी, अनवर हुसेन शाह, अंगद, अकरम, देवनाथ यादव, शिरोमणि पाल, फूलचंद श्रीवास्तव, प्रभाकर पाल, वीरेंद्र गुप्ता, अंबुज पाल, बाल केश यादव, अवधेश पाल आदि को हिरासत में ले लिया।

# मारपीट के मामले में 52 लोगों पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, पैकोलिया :** पैकोलिया थाना क्षेत्र के इटवा राजा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया है। दोनों पक्षों की तहरीर पर 27 नामजद सहित कुल 52 लोगों पर मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

एक पक्ष के रामनवल की दी गई तहरीर पर गांव के ही परशुराम, मुनीम, विनय, अमरचंद, अंकित, अजय, ओमप्रकाश, बृजलाल, कृपाशंकर, अमृतलाल, गोविंदलाल, संतराम, जगदंबा, नेबूलाल, जितेंद्र, रामशंकर, रामगोपाल व अन्य 15 अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, बलवा, तोड़फोड़ की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के बृजलाल की दी गई तहरीर पर रामनवल, बद्री प्रसाद, रामजनक, प्रदीप कुमार, प्रेम कुमार, प्रवीन कुमार, अरुण कुमार, रागिनी, सुमन, किरन और अज्ञात 10 लोगों के विरुद्ध मारपीट, बलवा की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

**शराब तस्करों पर लगा गैंगस्टर एक्ट :** बस्तीः हरैया पुलिस ने तीन शराब तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए संगठित होकर अवैध व अपमिश्रित शराब का कारोबार करने के आरोप में प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी की तहरीर पर राजू गुप्ता उर्फ जरलाहे निवासी नरायनपुर तिवारी थाना हरैया, विनोद राजभर निवासी पिनेसर थाना हरैया व गोली राजभर निवासी पिपरी थाना दुबौलिया पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया है।

## छेड़खानी व धोखाधड़ी के आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** रुधौली और सोनहा पुलिस ने अलग-अलग मुकदमों में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। रुधौली पुलिस ने छेड़खानी तथा पॉक्सो एक्ट में आरोपित मुजफ्फर अली उर्फ मोहम्मद कैफ को पकड़ा है। वहीं सोनहा पुलिस ने आरोपी कलीमुल उर्फ कलीमुल्ला निवासी पिरैला गरीब थाना सोनहा को गिरफ्तार कर लिया है। संवाद

# बालिका से दुष्कर्म केस में 10 वर्ष की स

### न्यायालय ने 40 हजार रुपये का जुर्माना भी ल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अपर सत्र न्यायाधीश बृजेश मणि त्रिपाठी की अदालत ने दुष्कर्म के मामले में राम सुरेश को 10 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही उसके ऊपर 40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न अदा करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। अर्थदंड का आधी रकम पीड़िता को दी जाएगी।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया। 24 फरवरी 2018 को बच्चों के साथ

### 24 फरवरी 2018 को नौ वर्षीय बालिका से हुआ था दुष्कर्म

खेल रही नौ वर्षीय नाबालिग बालिका को गांव का राम सुरेश गन्ने के खेत में लेकर चला गया। वहां उसने बालिका से दुष्कर्म किया। बालिका की चीख-पुकार सुनकर पहुंची उसकी सहेली उसे किसी तरह घर पर लेकर गई। इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ। शासकीय अभियोजन वंदना चौधरी ने बताया कि वादी ने सही ढंग से बयान

अंकित नहीं करा
संक्षिप्त करने व
सहायक अभियो
ने बताया कि पीडि
परीक्षण में घटना
तथा बाद में नज
मामले को गंभीरत
सबूत संकलित व
कमलेश चौधरी
पर कहा कि अ
को अंजाम दिया है
रिपोर्ट आदि के अ
ने अभियुक्त को
सजा सुना दी।

# मारपीट में 27 नामजद समेत 52 पर केस दर्ज

## पैकोलिया थानाक्षेत्र के इटवा राजा गांव की घटना, मामले की जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के इटवा राजा गांव में जमीन के विवाद में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 27 नामजद समेत 52 लोगों पर क्रास एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

इटवा राजा गांव निवासी रामनवल ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि बृहस्पतिवार की सुबह पट्टीदार उनके घर पर चढ़ आए। जब तक पीड़ित परिवार कुछ समझ पाता, दबंगों ने घर में घुसकर उनकी बेटी पूनम को छत से नीचे फेंक दिया। परिवार के बद्री, राजपति देवी, शांति, रागिनी, प्रवीण, सुमन ,पूनम, प्रेम, किरण, अरुण, अरविंद ,प्रदीप को पीटा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर इटवाराजा गांव निवासी परशुराम, मुनीम, विनय, अमरचंद, अंकित, अजय, ओमप्रकाश, बृजलाल, कृपाशंकर, अमृत लाल, गोविंद लाल, नेबूलाल , संतराम, जगदंबा, जितेंद्र ,रामशंकर, रामगोपाल, समेत 15 अज्ञात पर घर में घुसकर मारपीट करने, बलवा सहित अन्य आरोपों में केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के बृजलाल की तहरीर पर गांव के ही रामनवल, बद्री प्रसाद, रामजनक, प्रदीप कुमार, प्रेम कुमार, प्रवीण, अरुण कुमार, रागिनी, सुमन और किरण समेत 10 अज्ञात लोगों पर बलवा सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष के विनय, अजय, अमरचंद, इंद्रावती, ओमप्रकाश भी चोटिल बताये जा रहे हैं। दोनों पक्षों के घायलों को मेडिकल जांच के लिए गौर अस्पताल भेजा गया था। वहां से एक पक्ष के पांच लोगों की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष पैकोलिया धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है।

## मारपीट की तीन घटनाओं में 10 पर केस

**बस्ती।** कप्तानगंज, मुंडेरवा और वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में दस लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। कप्तानगंज के रमवापुर निवासी जितेंद्र कुमार का आरोप है कि गांव के राममहेश चौधरी, दिनेश और कौली ने भूमि विवाद में घर पर आकर अपशब्दों का इस्तेमाल किया। उनकी पत्नी ने विरोध किया तो उसे पीट दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित किया। मुंडेरवा पुलिस ने जगुई निवासी पन्नेलाल की तहरीर पर मारपीट कर अंगुली फ्रैक्चर करने के आरोप में गांव के दीनानाथ, धर्मेंद्र, त्रिभुवन व सत्यपाल पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज पुलिस ने बहरैची गुप्ता निवासी उमरा खास थाना रुधौली हालमुकाम सल्टौआ देईपार थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर मारपीट कर हाथ की हड्डी तोड़ देने के आरोप में सल्टौआ देईपार निवासी कुलदीप मोदनवाल, भीम तथा उमेश जायसवाल पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## शराब के धंधेबाजों पर गैंगस्टर

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने अपमिश्रित शराब बेचने के तीन आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। एसएचओ विंदेश्वरीमणि त्रिपाठी ने बताया कि आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए संगठित होकर अवैध तथा अपमिश्रित शराब का धंधा करने के आरोपित राजू गुप्ता उर्फ जरलाहे निवासी नरायनपुर तिवारी थाना हर्रैया, विनोद राजभर निवासी पिनेसर थाना हर्रैया और गोली राजभर निवासी पिपरी थाना दुबौलिया को गैंगस्टर एक्ट में पाबंद किया गया है। संवाद

शराब के

बस्ती। हर्रैय
गैंगस्टर एक्ट
त्रिपाठी ने ब
होकर अवैध
गुप्ता उर्फ ज
राजभर निवा
थाना दुबौलि

# चोरी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार

**बस्ती।** आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम की ओर से एक आरोपित को पकड़कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया गया।

बृहस्पतिवार को संयुक्त गश्त के दौरान बस्ती रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म 2/3 के पश्चिमी छोर पर मुखबिर की सूचना पर आरोपित को पकड़ा गया। उसने अपना नाम संजय सहानी उर्फ भीम साहनी (32) निवासी गांधी नगर थाना कोतवाली बताया। उसके पास से चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपित पर थाना जीआरपी में केस दर्ज किया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव ने बताया कि आरोपित शातिर है। उस पर जीआरपी गोरखपुर, लखनऊ और अन्य जगह चोरी के कुल नौ केस पहले से ही दर्ज हैं। संवाद

# अवैध असलहों की 'जड़' तलाशने बिहार जाएगी पुलिस

**बरामद हो रहे असलहों का बिहार के मुंगेर में पता चला है स्रोत**

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अवैध असलहों की तस्करी की कड़ी तोड़ने के लिए पुलिस ने रणनीति तैयार कर ली है। इसके लिए उन सभी जगहों पर दबिश दी जाएगी, जहां से असलहों का स्रोत पता चला है। इनमें सबसे ज्यादा बिहार के मुंगेर का नाम चर्चा में है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव का कहना है कि पुलिस अवैध असलहों की आमद की चेन तोड़ेगी। इसके लिए दूसरे जनपद और प्रांत भी टीमें भेजी जाएगी। ऑपरेशन तमंचा के तहत स्वाट टीम और हर्रैया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार तड़के अंतरजनपदीय असलहा तस्करों से हर्रैया थाने के विशेषरगंज-हरैया मार्ग पर बेलाडे शुक्ल गांव के पास मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान छह तस्कर पकड़े गए थे। उनकी निशानदेही पर 12, 32 और 315 बोर के 11 तमंचे तथा 10 कारतूस के अलावा कई खोखे बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, आरोपितों में अखिलेश शर्मा निवासी महदेवा थाना पैकोलिया, राजन तिवारी उर्फ राजनाथ तिवारी निवासी नथउपुर थाना हरैया, राहुल सिंह उर्फ अमिताभ सिंह निवासी भैरोपुर थाना पैकौलिया, राजू पाठक निवासी सकरदहा टोला मटिहनिया थाना हरैया, विनय भाष्कर सिंह निवासी एकडंगी थाना हरैया व विशाल सिंह निवासी मुरादीपुर थाना हरैया शामिल थे। तस्करों के गिरोह का सरगना विशाल सिंह और राजन तिवारी उर्फ राजनाथ बताया गया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि सभी का एक संगठित गिरोह हैं, जो बिहार से पांच सौ से लेकर 10 हजार रुपये तक में अवैध असलहे लाकर आसपास के जनपदों में लोगों को दो हजार से 40 हजार तक में बेचते हैं।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-07-2021

# 140 वाहनों का चालान किया

**सिद्धार्थनगर।** जनपद पुलिस ने गुरुवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कागजात में कमी पाए जाने व यातायात नियमों का उल्लंघन के आरोप में 140 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 1.10 लाख रुपये शमन शुल्क वसूल किया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को बृहस्पतिवार सुबह उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाल डुमरियागंज शैलेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी परवेज के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-07-2021

# गोवंशीय पशु के वध में शामिल पांच गिरफ्तार

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के चन्दौली माफी गांव के सीवान में तीन दिन पूर्व गोवंशीय पशु का वध कर उसके कटे सिर को गांव के बाहर शिवमंदिर से सटे स्थित पीपल के पेड़ के समीप लावारिश हाल में फेंक कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले पांच लोगों को धनघटा पुलिस ने गुरूवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए सभी को जेल भेज दिया है। एक गोवंशीय पशु को वध के लिए लेकर जाने के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस टीम ने पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

विदित हो कि बीते मंगलवार को थाना क्षेत्र के चन्दौली माफी गांव के सीवान में पीपल के पेड़ के समीप एक गोवंशीय पशु का कटा सिर लावारिश हाल में गांव के ही एक व्यक्ति ने देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दे दिया। गोवंशीय पशु के वध की सूचना पर तमाम हिन्दूवादी नेता भी मौके पर पहुंच गए। घटना की छानबीन के बाद गोरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पाल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ गोवध का मुकदमा दर्ज कर घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी करने में जुट गयी थी। गुरूवार की सुबह धनघटा थाने के पौली पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार पटेल हमराही पुलिसकर्मी सर्वानन्द सिंह, मोहन प्रसाद चौधरी, रामअशीष प्रसाद, प्रदीप सिंह, विनोद कुमार यादव, रामसूरत प्रसाद, अंकित प्रसाद, उदय प्रताप सिंह व प्रशान्त सिंह के साथ उक्त घटना में शामिल अभियुक्तों की तलाश में चन्दौली माफी गांव के समीप चौराहे पर मौजूद थे कि उसी दौरान मुखबिर ने फोन पर चौकी प्रभारी को सूचना दी कि पांच गोकस एक गोवंशीय पशु का वध करने के लिए उसे लेकर चन्दौली गांव के बाहर सीवान में जा रहे है। सूचना पर भरोसा करते हुए चौकी प्रभारी उक्त हमराहियों के साथ मुखबिर के बताए अनुसार मौके पर सम्भाल लिया। कुछ देर के इन्तजार के बाद 5 व्यक्ति एक गोवंशीय पशु लेकर उसे मारते-पीटते क्रूरता के साथ जाते हुए दिखाई पड़े। समीप स्थित बाग में पहुंचने के बाद पूरे इत्मिनान के साथ पांचों गोवंशीय पशु का वध करने जा ही रहे थे कि पुलिस टीम ने मय गोवंशीय पशु उन्हें घेर लिया और चुनौती देते हुए कहा कि अगर भागने की कोशिश की तो परिणाम गंभीर होंगे। अचानक पुलिस टीम को देख पांचों व्यक्ति भागने की पूरी कोशिश की लेकिन घेराबंदी जबरजस्त होने के कारण पांचों पुलिस की गिरफ्त में फंस गए।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जब पांचों की तलाशी लिया तो उनके कब्जे से एक अदद कट्टा और चार अदद चाकू भी बरामद हो गया। पुलिसिया पूछताछ में पांचों अभियुक्तों ने अपना नाम पता क्रमशः हलीम पुत्र कलीमुल्लाह, शाहिद पुत्र मेराज अहमद, जमील पुत्र नुरूलैन, नुरूलहक पुत्र गुलाम मुहम्मद तथा आशिक अली पुत्र रहमत अली निवासीगण उपरोक्त ग्राम चन्दौली माफी थाना धनघटा बताया है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद उक्त पांचों के खिलाफ बरामद दूसरे गोवंश की हत्या करने के प्रयास के मामले में एक और गोवध व पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिसिया पूछताछ में गिरफ्तार उक्त सभी पांचों अभियुक्तों ने वताया कि वह गोवंश की हत्या कर उसके मांस की विक्री करते है साथ ही चमड़े का कारोवार करते ही परिवार की जिविका चलाते है।

> तीन दिन पूर्व धनघटा थाना क्षेत्र के चन्दौली माफी गांव के सीवान में गिरफ्तार अभियुक्तों ने गोवंशीय पशु का वध कर की थी क्षेत्र के माहौल को विगाड़ने की कोशिश

गिरफ्तार अभियुक्तों को कानूनी कार्रवाई पूरी करने के वाद पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है। पूरे मामले में प्रभारी निरीक्षक धनघटा रोहित प्रसाद ने वताया कि गिरफ्तार पांचों अभियुक्त गिरोह बनाकर गोवंश की खरीद-फरोख्त कर उसका वध कर मांस और चमड़े की विक्री करते हैं। उक्त सभी के द्वारा भारी संख्या में गोवंशीय पशुओं का पूर्व में वध किया जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक ने वताया कि उक्त सभी अभियुक्तों के खिलाफ आगे अभी और

# पशु लादकर जा रहे तस्कर गिरफ्तार

**सांथा (एसएनबी)।** बेलहर थाना क्षेत्र के करमा कला के पास से पुलिस ने एक पिकअप से तीन गोवंशीय पशु समेत तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर पशुओं को लेकर बिहार के लिए जा रहे थे सभी अभियुक्तों को गोवध निवारण अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया। गुरुवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक सदरुल आलमीन मय फोर्स बेलहर थाना क्षेत्र के सांथा मेंहदावल मार्ग पर स्थित करमा कला के पास खड़े थे तभी एक पिकअप आता दिखाई दिया जिसे रोककर देखा गया तो उसमें तीन अदद बछड़े लदे थे तथा गाड़ी पर तीन तस्कर भी बैठे थे जिसे पकड़ कर बेलहर थाने पर लाया गया तथा पूछताछ करने पर तस्करों ने अपना नाम राम आशीष पुत्र जयश्री प्रसाद, प्रमोद पाठक पुत्र वंशीधर, बहादुर पुत्र अदालत निवासीगण दीयाबाती थाना मेंहदावल बताया पशुओं के बारे में पूछे जाने पर बताया कि सांथा से समदा होते हुए बिहार गोवध के लिए ले जा रहे थे तीनों आरोपितों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा

# पुलिस ने एक दर्जन से ज्यादा आरोपितों पर की कार्रवाई

संतकबीरनगर | **निज संवाददाता**

जनपद पुलिस ने विभिन्न मामले में एक दर्जन से ज्यादा आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार थाना दुधारा पुलिस ने एक, धनघटा तीन और बखिरा पुलिस ने तीन आरोपित को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

कोतवाली खलीलाबाद के नेतृत्व में गठित टीम ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित रागेन्द्र चौधरी पुत्र विजयनंदन चौधरी, शैलेष उर्फ शैलेनद्र पुत्र महेन्द्र पाल निवासी मंझरिया शुक्ल थाना पुरानी बस्ती, लवकुश चौधरी पुत्र शिवकुमार चौधरी निवासी उमरी अहरा थाना मुण्डेरवा जिला बस्ती, शिवम श्रीवास्तव उर्फ प्रिंस श्रीवास्तव पुत्र विषंभर श्रीवास्तव निवासी बंधवा थाना बखिरा और अजय कुमार सोनी पुत्र स्वर्गीय राजकुमार सोनी निवासी तितौवा चौराहा थाना कोतवाली के विरुद्ध कार्रवाई की। थाना बेलहरकला पुलिस ने तीन राशि गोवंशीय पशु व एक टाटा मैजिक के साथ रामअशीष पुत्र जयश्री, प्रमोद पाठक पुत्र वंशीधर पाठक व बहादुर यादव पुत्र अदालत यादव निवासीगण दियाबाती थाना मेंहदावल को करमाकलां से गिरफ्तार किया। गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम का मामला दर्ज किया। पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ बाबूराम पुत्र चन्द्रशेखर पर मामला दर्ज किया।

# कच्ची के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

मेंहदावल : बेलहर थानाक्षेत्र के भगौसा में युवक को पुलिस ने 10 लीटर कच्ची के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान बाबूराम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। (जासं.)

# संपूर्ण समाधान दिवस कल

संतकबीरनगर। शनिवार को तीनों तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा।

धनघटा तहसील में डीएम दिव्या मित्तल और एसपी डॉक्टर कौस्तुभ, मेंहदावल तहसील में एडीएम मनोज कुमार सिंह और खलीलाबाद में सीडीओ अतुल मिश्र समस्याएं सुनेंगे। एडीएम मनोज कुमार सिंह ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस अब प्रथम और तीसरे शनिवार कर दिया है। दूसरे, चौथे शनिवार को थाना दिवस आयोजित होगा। संवाद

# बगैर मास्क पकड़े गए 32 लोगों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। बिना मास्क के घूमने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत बृहस्पतिवार को पुलिस ने 32 लोगों को पकड़ा।

एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि बिना मास्क के घूमते 32 लोग पकड़े गए। इनसे पुलिस ने 3600 रुपये जुर्माना वसूल किया। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचने के लिए मास्क पहनना बेहद जरूरी है। कहा कि कोरोना अभी समाप्त नहीं हुआ है। हां, यह बात जरूर है कि केस कम हुए हैं।

बगैर मास्क के लोग घरों से बाहर कत्तई न निकलें। दो गज की दूरी बनाए रखें और बार-बार हाथ को सैनिटाइज करते रहें। नियमों का पालन करके ही कोरोना की जंग जीती जा सकती है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। ब्यूरो

# पांच अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को पांच अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया।

कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी रागेंद्र चौधरी, शैलेष उर्फ शैलेंद्र निवासी मंझरिया शुक्ल थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती, लवकुश चौधरी निवासी उमरी अहरा थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती, शिवम श्रीवास्तव उर्फ प्रिंस श्रीवास्तव निवासी बंधवा थाना बखिरा और अजय कुमार सोनी निवासी तितौवा चौराहा कोतवाली के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। यह गैंग चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देता है। इस गैंग के सदस्य आर्थिक, भौतिक लाभ के लिए अपराध करते हैं। इनके भय से समाज में कोई गवाही या फिर मुकदमा दर्ज कराने से कतरा जाता है। अभी एक महीने पूर्व पांचों आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजा गया था। इस गैंग की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गैंगस्टर एक्ट की [illegible]

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार : डीएम

## जिला स्तरीय शांति कमेटी की बैठक हुई, त्योहारों में लोगों से कोरोना की गाइडलाइन का पालन करने की अपील की

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति कमेटी की बैठक डीएम दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में हुई। इसमें उन्होंने कहा कि आगामी त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाएं।

डीएम ने कहा कि कबीर की धरती हमेशा सांप्रदायिक सौहार्द के लिए जानी जाती है। ऐसे में हम सभी का फर्ज है कि आगामी त्योहार जिसमें बकरीद आदि शामिल हैं, उसे सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण कम हुआ है, लेकिन अभी खतरा बना हुआ है। ऐसे में शासन की ओर से निर्धारित कोरोना गाइडलाइन का पालन अवश्य करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि त्योहारों पर किसी नई परंपरा की शुरुआत नहीं होगी, इस बात का ध्यान रखें। कहा कि अफवाह से दूर रहें और जो तत्व माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं, उनके बारे में पुलिस को जानकारी दें। बैठक में सीडीओ अतुल कुमार, एडीएम मनोज कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. इंद्रविजय विश्वकर्मा, पीडी प्रमोद यादव, एसडीएम राज नारायण त्रिपाठी, योगेश्वर सिंह, अजय कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने कहा- किसी अफवाह पर न दें ध्यान



कलेक्ट्रेट में आयोजित शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करतीं डीएम। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-07-2021

# बुजुर्ग दम्पत्ति की समस्या सुलझाई

**गोण्डा।** एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने जनसुनवाई के दौरान एक बुजुर्ग दम्पत्ति की समस्या का संज्ञान लेते हुए तत्काल निस्तारण करने के लिए निर्देश दिया है।

थाना कटरा बाजार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लोधनपुरवा के रहने वाले एक 75 वर्षीय बुजुर्ग दंपति ने आकर बताया कि वे दोनों घर पर अकेले रहते है। उनके पड़ोस में रहने वाले बृजमोहन, नन्हकू, बाबूलाल आदि ने रास्ते के विवाद को लेकर उन्हे मारा-पीटा है और कहीं भी शिकायत न करने की लगातार धमकी भी दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बुजुर्ग दंपति की समस्या को सुनकर प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार को विपक्षीगणों के विरुद्ध कार्यवाही करने व समस्या के निराकरण कराने के लिए निर्देश दिए। साथ ही एसपी ने बुजुर्ग दम्पत्ति से कहा कि किसी भी प्रकार की मदद की जरुरत हो तो उनसे सम्पर्क करें।

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-07-2021

# अश्लील वीडियो वायरल करने वालों की जमानत खारिज

बलरामपुर | संवाददाता

नाबालिक लड़की की नग्न अवस्था में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में चार लोगों का जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालय ने खारिज कर दिया। मामला कोतवाली देहात से संबंधित है।

शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि बीते 31 जून को कोतवाली देहात में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि दोपहर 12 बजे के करीब वह शौच के लिए गन्ने के खेत में गई थी। उसके पीछे से गांव के ही उदयराज, पिल्लू उर्फ सुरजीत, लल्लू उर्फ सौरभ व राम लगन आए। उसे पकड़कर गाली देने लगे और जबरन उसके कपड़े निकालकर मोबाइल से वीडिया बनाने लगे। पीड़ित के शोर मचाने पर गांव के संजय उर्फ पंडित सहित अन्य लोग आ गए। उन्होंने आरोपियों को ऐसा करने से मना किया। जिस पर आरोपियों ने संजय को भी गालियां दी और उसके भी कपड़े उतारकर वीडियो बनाने लगे। पीड़िता की नग्न अवस्था की वीडियो बनाकर आरोपियों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा। न्यायालय में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने फर्जी फंसाए जाने की बात कही।

# गांजे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**उतरौला।** स्थानीय कोतवाली की पुलिस ने बुधवार रात ग्राम महुवा बाजार से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से 1200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के लिए रवाना कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि बुधवार रात उप निरीक्षक विपुल कुमार पांडेय, हेड कांस्टेबल जय प्रकाश शुक्ला, कांस्टेबल सतीश कुमार व प्रदीप कुमार गस्त कर रहे थे। गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि महुवा बाजार के पास एक अभियुक्त 1200 ग्राम अवैध गांजा के साथ मौजूद है।

# सात व्यक्तियों के विरुद्ध शांतिभंग में कार्रवाई

**बलरामपुर।** जिले की पुलिस ने सात व्यक्तियों के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की है। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए रवाना किया गया है। एसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि शांतिभंग की आशंका में सभी थानाध्यक्षों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। बताया कि थाना ललिया में चार तथा उतरौला में तीन व्यक्तियों के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की गई है।

# अवैध लकड़ी कटान में एक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** थाना महराजगंज की पुलिस ने वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा है। यह जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक पीएन तिवारी ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान एक व्यक्ति अवैध लकड़ी लेकर जाते हुए पकड़ा गया। बताया कि अभियुक्त के पास से दो अदद सागौन का बोटा तथा एक अदद ट्रैक्टर व झांगा बरामद हुआ।

# जाट रेजीमेंट टीम ने परखी बाढ़ से बचाव की तैयारी

**संवादसूत्र, बलरामपुर:** बाढ़ से बचाव की तैयारियों के मद्देनजर 16 जाट रेजीमेंट की तीन सदस्यीय टीम ने मंगलवार को जिले का दौरा किया। टीम ने जिले की भौगोलिक स्थिति व बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के बारे में जानकारी हासिल की। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण ने टीम को आपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराई।

अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार शुक्ल ने बताया कि बाढ़ की दृष्टि से जिला बेहद संवेदनशील है। पूर्व में राज्य आपदा मोचन बल, पीएसी की फ्लड बटालियन बाढ़ बचाव दल का हिस्सा रहीं हैं। इस वर्ष कुछ दिन पूर्व राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने भी जिले का दौरा कर कोड़री घाट पर माक ड्रिल भी किया था। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर सेना की मदद भी ली जाएगी।

बताया कि इसी सिलसिले में कमांडिंग आफिसर कर्नल दीपक तिवारी के निर्देश पर मंगलवार को 16 जाट रेजीमेंट लखनऊ के तीन सदस्यीय दल ने जिले का दौरा किया। इसमें सूबेदार सरजीत सिंह, नायक सूबेदार सुक्खा सिंह व नायक विकास शामिल थे। जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद कलेक्ट्रेट स्थित आपदा प्रबंधन केंद्र में आपदा प्रबंधन सलाहकार सचिन मदान के साथ बैठक की। दल के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित गांव, राहत केंद्र, राहत चौकी व उनमें लगाई गई ड्यूटी के बारे में जानकारी हासिल की। सूबेदार सरजीत सिंह ने बताया कि बलरामपुर सहित आसपास के कुछ जिलों में आवश्यकता पड़ने पर हमारे रेजीमेंट के जवान बाढ़ बचाव का कार्य करेंगे। रवि शुक्ल, प्रवीण पांडेय मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जाट रेजीमेंट टीम के साथ बैठक करते आपदा प्रबंधन सलाहकार सचिन मदान दाएं ● जागरण

**जरूरत पड़ने पर ली जाएगी सेना की मदद, आपदा प्रबंधन सलाहकार ने बताई बाढ़ से बचाव की रूपरेखा**

# वीडियो वायरल करने वालों की जमानत खारिज

**संसू, बलरामपुर :** किशोरी का नग्न अवस्था में वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने के मामले में चार आरोपितों का जमानत पत्र खारिज कर दिया गया है। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि 31 जून को कोतवाली देहात में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

पीड़िता का आरोप है कि दोपहर में वह शौच के लिए खेत में गई थी। पीछे से गांव के ही उदयराज, पिल्लू उर्फ सुरजीत, लल्लू उर्फ सौरभ, रामलगन आ गए। अभद्रता करते हुए उसके कपड़े निकालकर वीडियो बनाने लगे। शोर मचाने पर गांव के संजय उर्फ पंडित व अन्य लोग भी बचाव में आ गए। आरोपितों ने संजय के भी कपड़े उतारकर वीडियो बनाकर उसको इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों को जेल भेजा।

# झारखंड का आरोपित गांजा के साथ गिरफ्तार

**उतरौला:** बांक चौकी की पुलिस ने गश्त के दौरान महुआ बाजार से झारखंड राज्य के थाना तेलझाड़ी महाराजपुर निवासी गोपी कुमार को 1200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। (संसू)

# 1.2 किलोग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** उतरौला कोतवाली की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक किलो 200 ग्राम गांजा के साथ अभियुक्त को धर दबोचा है। कोतवाल पंकज कुमार सिंह ने बताया कि एसआई विपुल कुमार पांडेय की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान महुआ बाजार में झारखंड प्रदेश के जनपद साहेबगंज थाना तेलझाडी महराजपुर नया टोला निवासी गोपी कुमार को 1200 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। संवाद

BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-07-2021

# धोखाधड़ी के मामले में जमानत याचिका खारिज

**अदालत से**

**बहराइच | संवाददाता**

अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्याधीश, एससीएसटी एक्ट के जज राकेश कुमार ने धोखाधड़ी के मामले में प्रस्तुत की गई जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। फर्जी अभिलेखों के जरिए भूमि का बैनामा कराए जाने के मामले में आठ को नामजद कर कराया गया था।

मटेरा कोतवाली के मोहरवा के मजरे कोरियनपुरवा निवासी ननकऊ कोरी पुत्र गुड़ई ने कोर्ट की शरण लेकर नानपारा कोतवाली में 20 मार्च को रामगांव थाने के खसहा मोहम्मद पुर निवासी राधेश्याम पुत्र रामदीन सहित आठ के विरुद्ध धोखाधड़ी की धाराओं में नानपारा कोतवाली में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने तहकीकात कर कोर्ट में चार्जशीट भी दाखिल की थी।

आरोपी के दलित होने पर दलित उत्पीड़न की धाराओं को हटाया गया था। विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार कश्यप ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपी रामगांव थाने के खसहा मोहम्मद निवासी राधेश्याम के अधिवक्ता की ओर से दायर जमानत याचिका को मौजूदा समय में खारिज कर दिया है।

## कोर्ट में पयागपुर सीओ को केस डायरी साथ किया तलब

**बहराइच।** पयागपुर थाने में दलित उत्पीड़न मामले में काफी खेल हो रहा है। एक दलित उत्पीड़न के दर्ज केस में वादी ने कोई केस दर्ज नहीं कराने की बयान हल्फी देकर कोर्ट में मामले की मानीटरिंग को वाद दायर किया गया। कोर्ट ने आख्या आने पर सीओ पयागपुर को 19 जुलाई को केस डायरी के साथ तलब किया गया है। पयागपुर थाने के शिवदहा निवासी दलित चुनमुन पासी पुत्र सोमई ने न्यायालय विशेष न्याधीश, अपर सत्र न्यायाधीश, एससीएसटी एक्ट के जज राकेश कुमार की कोर्ट में पयागपुर थाने में दर्ज केस 113 /21 धारा 452, 323, 504, 506, 342, 427, 171 आईपीसी व दलित उत्पीड़न अधिनियम बनाम दद्दन शाह उर्फ यूसूफ अली आदि में मानीटरिंग किए जाने को याचिका दायर की। शपथ पत्र देते हुए वादी मुकद्दमा चुनमुन पासी ने कोर्ट में बयान दिया कि उसने यह केस दर्ज नहीं कराया है। उसका दद्दन शाह से कोई झगड़ा नहीं है।

# पुलिस टीम ने क्षेत्र में रूट मार्च किया

**विशेश्वरगंज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक वीके सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रूट मार्च किया।

यह रूट मार्च थाना परिसर से पुरैना तिराहा होते हुए बस स्टॉप तिराहा होते हुए कस्बा विशेश्वरगंज रेलवे क्रॉसिंग सहित क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर पैदल गश्त कर लोगों को आश्वस्त करते हुए यह संदेश दिया गया कि पुलिस हर मौके पर आम जनता के लिए उनकी सुरक्षा के प्रति तत्पर है, सूचना पर पुलिस तुरंत उपलब्ध हो जाएगी। पैदल भ्रमण के दौरान लोगों से शांति और सुरक्षा बनाए रखने की अपील की गई। एसपी का कहना है कि त्योहारों के मद्देनजर रूट मार्च होता रहेगा।

# एसपी ने तीन दरोगा के तबादले किये

**बहराइच।** एसपी सुजाता सिंह ने कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए तीन दरोगाओं को इधर से उधर किया है। एसपी ने बुधवार को खैरीघाट थाने के दरोगा विजय कुमार चौधरी को विशेश्वरगंज थाने भेजा है। मटेरा थाने के दरोगा रियाज अहमद को हरदी थाने भेजा गया है। हरदी थाने के दरोगा संजय कुमार गौतम को मटेरा भेजा गया है।

# छेड़छाड़ व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

बहराइच | **संवाददाता**

बौंडी थाने की पुलिस ने छह दिन पूर्व एक गांव में एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ पर मारपीट, धमकी मामले में फरार नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा है।

बौंडी एसएचओ मनोज कुमार राय ने बताया कि थाने के एक गांव में छह दिन पूर्व एक किशोरी के साथ तीन युवकों ने छेड़छाड़ की थी। पीड़िता ने शोहदों की हरकतों को कड़ा विरोध किया, तो शोहदे धमकी देते हुए मारपीट को आमादा हो गए थे। इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने तीन को नामजद कराकर छेड़छाड़, मारपीट, धमकी व पाक्सो एक्ट में केस दर्ज कराया था। आरोपी तभी से अपने अपने गांव से फरार चल रहे थे। गुरुवार को वरिष्ठ दरोगा रघुवीर गौतम, सिपाही सचिन चौधरी, रिक्रूट सिपाही सचिन्द्र पांडेय ने तटबंध के पास दबिश देकर इस मामले में नामजद आरोपी नौशहरा निवासी फुन्नी लाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

**संरक्षित वन इलाके में नष्ट की सीमा नाली गिरफ्तारः** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में डीएफओ आकाश दीप बधावन की ओर से बरती जा रही सख्ती के बेहतर परिणाम आने लगे हैं। ककरहा वन रेंज की टीम ने आरक्षित इलाके में घुसपैठ कर वन सम्पत्ति को क्षति पहुंचा रहे आरोपी को फावड़े सहित दबोचा है। उस पर वन रेंज कार्यालय में पूछताछ के बाद केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। मुर्तिहा कोतवाली के ककरहा रेंज के लालपुर चांदाझार बीट के वन ब्लाक गौरा पिपरा एक में गुरुवार सुबह अवैध रूप से घुसपैठ कर युवक खुदाई कर रहा था। जबकि सीमा नाली नष्ट कर चुका था। गश्त पर निकले वन रक्षक प्रमोद कुमार, चौकीदार कैलाश, वाचर कमलेश ने इस युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसे फावड़ा सहित रेंज कार्यालय पर लाकर पूछताछ की गई।

पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मुर्तिहा कोतवाली के गौरा पिपरा निवासी रमेश के रूप में हुई। उसके विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम व वन संरक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है, उसे जेल भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि वन क्षेत्र में माफिया सक्रिय हैं। लिहाजा टीम लगातार ऐसे लोगों पर नजर रखे है।

### समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारियों को पुलिस कर्मियों ने सुबह ही उनके घरों में कर दिया था नजरबंद

# प्रदर्शन कर रहे सपाइयों को बैरिकेडिंग करके रोका

बहराइच | संवाददाता

भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गड़बड़ी आदि को लेकर सपा की ओर से गुरुवार को जिले भर में विरोध प्रदर्शन किया गया। सपा के पूर्व निर्धारित धरना प्रदर्शन को जिला प्रशासन भी पूरी तरह चौकन्ना रहा। प्रशासन की ओर से सुबह ही सपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया।

बहराइच-नानपारा बाईपास स्थित सपा के जिला कार्यालय से जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव की अगुवाई में सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च शुरू किया। जिसे बिजली दफ्तर के पास रस्सा लगाकर पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, जिसे सपा कार्यकर्ता तोड़ कर आगे बढ़ गए, लेकिन होटल ग्रांड पैलेस के पास पहले से ही बैरीकेडिंग कर मौजूद भारी पुलिस बल ने सपाइयों को वहीं रोक दिया। बैरीकेडिंग के पास नारेबाजी व धरना प्रदर्शन करने के बाद सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने सिटी मजिस्ट्रेट अनिल सिंह को अपना मांग पत्र सौंपा।

धरना प्रदर्शन को लेकर सुबह से ही सपा के जिला कार्यालय पर भारी संख्या में पुलिस बल देखा गया। वहीं सुबह से ही पार्टी कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का जमावड़ा शुरू हो गया। पूर्वान्ह 11 बजे से सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला।

## धरना-प्रदर्शन

- जिले भर में शांतिपूर्ण रहा समाजवादी पार्टी का हल्ला बोल व धरना प्रदर्शन
- सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया

सपा की ओर से धरना प्रदर्शन व विरोध मार्च कलेक्ट्रेट तक प्रस्तावित था, लेकिन इसे रोकने के लिए रास्ते में दो जगह पुलिस बल तैनात रहा। बिजली दफ्तर के पास पुलिस बल ने रस्सा लगाकर सपाइयों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन सपा कार्यकर्ता रस्सा खींचकर आगे बढ़ चले, लेकिन होटल ग्रांड पैलेस के सामने बैरिकेडिंग कर पहले से ही मौजूद पुलिस व पीएससी के घेरे को सपा कार्यकर्ता लांघ न सके। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हुए जिसके बाद सभी वहीं धरने पर बैठ गए।



पुलिस की ओर से रोके जाने पर विरोध में नारेबाजी करते सपा कार्यकर्ता।

धरने को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं पर रोजाना जुर्म बढ़ते जा रहे हैं। जिले के नानपारा, कैसरगंज, महसी क्षेत्र में बच्चियों के साथ बलात्कार जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। प्रदेश में महंगाई और. भ्रष्टाचार चरम पर है।

किसानों को उनकी फसल का लाभकारी दाम नहीं मिल पा रहा है। पंचायत चुनाव में पुलिस व प्रशासन के मदद से भाजपा ले बेइमानी से जीत हासिल किया। धरने का संचालन पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री डॉ. आशिक अली ने किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट अनिल सिंह को सौंपा गया। प्रदर्शन में शाश्वत जोशी, अनवर वारसी, नदीमुल हक तन्नू, राकेश टेकड़ीवाल, शकील मेकरानी, लक्ष्मी नारायण निषाद, निशा शर्मा, मनु देवी, मिथुन बाल्मीकि, आदि मौजूद रहे।

### सपाइयों की नजरबंदी गलतः लोकतन्त्र सेनानी

बहराइच। गांधी निष्ट समाजवादी एवं वरिष्ठ लोकतंत्र रक्षक सेनानी सूर्य कुमार ने कहा कि समाजवादी पार्टी की ओर से लोकतंत्र की रक्षा के लिए गुरुवार को होने वाले प्रदर्शन से पहले ही कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया गया। यह कार्रवाई तानाशाही की द्योतक है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के दौरान सरकारी तंत्र द्वारा अमर्यादित क्रियाकलापों के विरुद्ध घोषित प्रदर्शन को रोकने के लिए जो पुलिसिया कार्रवाई की गई, इसकी वह घोर निन्दा करते हैं।

### इन पदाधिकारियों को किया गया नजरबंद

बहराइच। सपा के पूर्व प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को लेकर प्रशासन की ओर से सपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों को नजरबंद कर दिया गया और उन्हें प्रदर्शन में शामिल नहीं होने दिया गया। सपा सोशल मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता ने बताया कि जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल मन्नान, सपा राष्ट्रीय महिला सभा कार्यकारिणी की निवर्तमान सदस्य निशा शर्मा, अजितेश पांडेय, पूर्व विधायक केके ओझा, महसी में देवेश चन्द्र मिश्र, राजेश तिवारी, सुंदर लाल बाजपेई, पयागपुर में मुकेश श्रीवास्तव, रामजी यादव, नगर अध्यक्ष पयागपुर मिज्जन खां, कैसरगंज में पूर्व राम तेज यादव को, नबाबगंज में जिलापंचायत सदस्य जवाहर यादव, मोती अंसारी, विनोद यादव, मिहींपुरवा में अध्यक्ष विश्राम यादव, जिला पंचायत सदस्य किशोरीलाल, राजेश चौधरी पासवान आदि को नजरबंद किया गया।

# पिटाई कर महिला का सिर मुंडाने वालों पर मुकदमा

**संसू, बहराइच :** दहेज की मांग पूरी न होने पर मटेरा क्षेत्र निवासी महिला के हाथ-पैर बांधकर पिटाई करने व सिर मुडाकर घुमाने के मामले में एसपी के तल्ख तेवर देखने के बाद आरोपितों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

नेपाल के बांके जिले के वार्ड नंबर नौ के चंद्रहवा गांव निवासी अमजद अली ने बताया कि उसने अपनी बेटी बसीरुन का विवाह पांच साल पहले मटेरा के समोखन गांव निवासी साजिद के साथ किया था। शादी के बाद से बेटी को एक लाख रुपये व बाइक की मांग कर मारपीट कर प्रताड़ित किया गया। हाथ-पैर बांधकर व मुंह में कपड़ा ठूंसकर पिटाई कर सिर मुडाकर घुमाया गया। एसपी के निर्देश पर पति सिरजात, नसीरुल समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-07-2021

# सवारी बैठाने को लेकर बस व मार्शल चालक में झड़प

## विवाद

इकौना | संवाददाता

सवारी बैठाने को लेकर रोडवेज बस व मार्शल चालक में झड़प हो गई। मार्शल चालक ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर रोडवेज चालक से मारपीट की और बस का शीशा तोड़ दिया।

रोडवेज चालक ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बहराइच डिपो के रोडवेज बस का चालक रामविलास ने इकौना थाने में तहरीर देकर एक मार्शल चालक पर मारपीट करने व बस का शीशा तोड़ने का आरोप लगाया है। राम विलास का कहना है कि बुधवार सुबह वह बलरामपुर से लखनऊ के लिए यात्रियों को लेकर निकला था। साढे. सात बजे के करीब वह थाना इकौना इलाके में बौद्ध परिपथ पर स्थित गोविंदपुर पहुंचा जहां कुछ यात्रियों की ओर से रोडवेज बस को रुकवाया गया। वहीं एक मार्शल चालक सवारी बैठाने के लिए पहले से खड़ा था। जैसे ही बस रुकी तो मार्शल में बैठे यात्री भी उतरकर रोडवेज में बैठने लगे। इस पर मार्शल चालक यात्रियों को बस में बैठाने का विरोध करने लगा और बस के अगले पहिये के सामने लेट गया। लोगों के समझाने बुझाने के बाद मार्शल चालक को हटाया गया। इसके बाद मार्शल चालक अपने समर्थकों के साथ मिलकर बस में घुस गया और मारपीट की इसके अलावा आगे का शीशा तोड़ दिया।

# चोरी की योजना बनाते तीन पकड़े गए

मल्हीपुर | संवाददाता

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाये गए अभियान के तहत नेपाल राज्य के तीन युवकों को चोरी को योजना बनाते पुलिस ने धर लिया। आरोपियों के विरुद्ध वांछित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह वांछितों और वारंटियों की तलाश में गुरुवार को टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। वे भारत नेपाल सीमा से होकर घुड़दौरिया की ओर जा रहे थे। घुड़दौरिया के पास सुनसान स्थान पर पुलिस को तीन संदिग्ध लोग बैठे दिखाई दिए। इस पुलिस मौके पर पहुंच गई और संदिग्धों से पूछताछ करने लगी। पुलिस की पूछताछ में संदिग्ध दहशत में आ गए। इस पर पुलिस ने तीनों की तलाशी ली तो उनके कब्जे से एक अदद अवैध चाकू व चोरी करने में प्रयुक्त होने उपकरण बरामद हुए। इस पुलिस ने बरामद चाकू व उपकरण को जब्त करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान मुज्जमिल पुत्र रउफ निवासी वनियगांव थाना भगवानपुर जिला बांके राष्ट्र नेपाल, नूरे आलम पुत्र मुन्नन निवासी महतिनिया थाना भगवानपुर राष्ट्र नेपाल व करीम पुत्र मोहब्बत अली निवासी महतिनिया राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि तीनों युवक नेपाल के नागरिक हैं जो घुड़दौरियों के पास सुनसान स्थान पर बैठे चोरी की योजना बना रहे थे।



गुरुवार को मल्हीपुर थाने में पुलिस की गिरफ्त में आरोपी • हिन्दुस्तान

# 29 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

**श्रावस्ती।** यातायात सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। वाहन चलाने के लिए सभी मानक पूरा करने के निर्देश हैं। लेकिन लोगों की ओर से यातायात नियमों का उल्लंघन किया जाता है। ऐसे लोगों पर अंकुश लगाने के लिए बुधवार को सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर अभिलेखों की जांच की। इसमें पुलिस की ओर से कुल 120 वाहनों को रोक कर वाहन के कागजात, हेलमेट, तीन सवारी, शीटबेल्ट आदि को चेक किया गया। इस दौरान 29 वाहनों को यातायात नियम का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करते पकड़े गए सभी वाहनों का चालान किया गया।

# 86 लोगों पर कोविड नियम उल्लंघन की कार्रवाई हुई

## अभियान

श्रावस्ती | संवाददाता

जिले में कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के लिए लोगों से कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की जा रही है। इसके बाद भी लोग बेपरवाह बन नियमों की धज्जियां उड़ाने निकल पड़ते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस की ओर से विभिन्न थाना क्षेत्रों में मास्क चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस ने जगह जगह चेकिंग लगाकर लोगों को रोका और मास्क की चेकिंग की। इसमें 86 लोगों को बिना मास्क के पकड़ा गया। जिनका चालान काटकर 10 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया।

# जुआ खेलते तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**कार्रवाई**

श्रावस्ती | संवाददाता

क्षेत्र में तास के पत्तों से हार जीत की बाजी लगातार जुआ खेलते तीन लोगों को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से करीब नौ हजार रुपये नकदी भी पुलिस ने बरामद किए। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एसपी अरविन्द कुमार मौर्य की ओर से जनपद में जुआ खेलने व सट्टा लगाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश सभी थानाध्यक्षों को दिए गए हैं। निर्देश के तहत गुरुवार को इकौना थाने के प्रभारी निरीक्षक टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान पुलिस ने चयपुरवा के पास से तीन लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथों धर लिया। पुलिस ने मौके से ताश के 52 अदद पत्ते, माल फड़ व जमा तलाशी के नौ हजार 470 रुपये समेत तीन मोबाइल जब्त कर लिया। आरोपियों की पहचान ननके पुत्र बाबादीन यादव निवासी ग्राम बनियनपुरवा, ओमकार पुत्र छबीले यादव व सुभाष वर्मा पुत्र राम पारस वर्मा निवासी ग्राम चयपुरवा थाना इकौना के रूप में हुई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# गोहत्या की आशंका पर पुलिस ने छापेमारी की

गिरंटबाजार | संवाददाता

बिना अनुमति के मदरसे में दस्तार बंदी का आयोजन करने व गोहत्या की आशंका पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके से गोहत्य के कोई साक्ष्य नहीं मिले लेकिन कार्यक्रम के आयोजन की योजना चल रही थी। इस पर पुलिस ने दस्तार बंदी के आयोजन को स्थगित करा दिया।

मल्हीपुर थाना के पुलिस चौकी गिरंट क्षेत्र के एक मदरसे में बुधवार की रात बिना प्रशासन अनुमति के दस्तार बंदी के आयोजन की तैयारी चल रही थी। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी कि बड़े स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन होने वाला है और यहां गोहत्या की भी आशंका है। गोहत्या के आशंका की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और पुलिस ने देर रात करीब एक बजे संबंधित मदरसे में छापेमारी कर दी। पुलिस के पहुंचते ही मदरसे में भगदड़ का माहौल हो गया। हालाकि पुलिस को मौके से गोहत्या के कोई साक्ष्य नहीं मिले लेकिन आयोजन की तैयारी होती पाई गई। इस पर पुलिस ने आयोजन को स्थगित करा दिया और बिना प्रशासन के अनुमति के आयोजन न करने की चेतावनी दी। बताया जाता है कि मुस्लिम धर्म के मुताबिक मदरसे में बच्चे जब अपनी तालीम हासिल कर लेते हैं तो दस्तार बंदी करके साफा पहना कर उन्हें हाफिज, मौलाना या कारी की उपाधि दी जाती है। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि मदरसे में बिना अनुमति के दस्तार बंदी होने जा रही थी। इस पर पुलिस की ओर से रोक लगा दिया गया है। उन्होंने बताया कि मदरसा प्रबंधक समेत कार्यक्रम में शामिल होने वालों की सूची बनाई गई है।

# 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के आदेशानुसार जिले में लगातार अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गुरुवार को कोतवाली भिनगा की पुलिस क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों की तलाश में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने संदेह होने पर एक व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान भूरे लाल पुत्र चंचल निवासी ग्राम नौसहरा कोतवाली भिनगा के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध पुलिस की ओर से आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया।

# जुआ खेलते दबोचे गए तीन जुआरी

**संसू, इकौना (श्रावस्ती):** सेमरी तरहर पुलिस चौकी की टीम ने चयपुरवा गांव में जुआ खेलते तीन जुआरियों को दबोच लिया। फड़ से ताश के पत्ते, 9470 रुपये व तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। सेमरी तरहर पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह अपने साथी आरक्षी रोहित वर्मा व अतुल सिंह के साथ गश्त पर निकले थे।

इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम पंचायत शिवाजोत के चयपुरवा में जुआ खेलते बनियनपुरवा निवासी ननके, गनेशीजोत के ओमकार व चयपुरवा निवासी सुभाष वर्मा को दबोच लिया। फड़ से ताश के पत्ते, आठ हजार 250 रुपये व तीन मोबाइल फोन बरामद हुआ। जामा तलाशी में 1220 रुपये और बरामद हुए।

## मार्शल चालक ने रोडवेज बस के शीशे तोड़े

**संसू, इकौना श्रावस्ती):** बौद्ध परिपथ पर गोविंदपुर में सवारी बैठाने को लेकर मार्शल चालक व रोडवेज बस चालक के बीच विवाद हो गया। मार्शल चालक ने गाली-गलौज कर रोडवेज बस के खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। बस चालक ने इकौना थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बहराइच डिपो की रोडवेज बस का चालक रामविलास बलरामपुर से लखनऊ की सवारी उठाते हुए जा रहा था। बौद्ध परिपथ पर गोविंदपुर में रोडवेज बस को यात्रियों ने हाथ देकर रोकवाया। यहां पर पहले से मार्शल वाहन सवारी के लिए खड़ी हुई थी। रोडवेज बस देखकर यात्री मार्शल छोड़ कर रोडवेज में चढ़ने लगे तो मार्शल चालक ने रोडवेज चालक को गालियां देते हुए यात्रियों को न बैठाने के लिए धमकाया और अगले चक्के के नीचे आकर लेट गया। लोगों ने समझा-बुझाकर मार्शल चालक को हटाया।

मार्शल चालक पांच-छह सहयोगियों के साथ बस में घुस आया और गालियां देते हुए बस चालक को मारने झपटा, लेकिन बस में बैठे यात्रियों ने चालक को बचा लिया। नाराज मार्शल चालक ने बस के खिड़की के शीशे को तोड़ दिए। रोडवेज चालक रामविलास ने मार्शल चालक व साथियों के विरुद्ध इकौना में तहरीर दी है।

## चोरी की योजना बनाते तीन नेपाली गिरफ्तार

**श्रावस्ती:** मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की योजना बना रहे नेपाल राष्ट्र के बनियागांव निवासी मुजम्मिल, महतनिया निवासी नूर आलम व करीम को दबोच लिया। आरोपितों के कब्जे से चोरी करने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किए गए। (संसू)

# 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती:** भिनगा कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान नौसहरा निवासी पूरे लाल को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपित के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (संसू)

# 10 लीटर कच्ची शराब बरामद, 20 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा। इसके कब्जे से पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान नौसहरा निवासी पूरेलाल के रूप में हुई। दूसरी तरफ संदिग्धों की धरपकड़ को चले अभियान के दौरान पुलिस ने 20 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। (संवाद)